# हैरी पॉटर और मौत के तोहफ़े




www.akfunworld.co.nr

MANJUL

## जे. के. रोलिंग

Hindi translation of the international bestseller

***Harry Potter and the Deathly Hallows***

# अध्याय एक

# शैतानी शहंशाह की योजना

चाँदनी से नहाई सँकरी गली में दो आदमी अचानक एक-दूसरे से कुछ गज़ दूर हवा में से प्रकट हुए। कुछ पल के लिए वे अपनी-अपनी छड़ी एक-दूसरे के सीने की तरफ़ तानकर स्थिर खड़े रहे। फिर दोनों ने एक-दूसरे को पहचान लिया और अपनी छड़ियाँ चोगे में रखकर तेज़ी से एक ही दिशा में चलने लगे।

दोनों में से ज़्यादा लंबे आदमी ने पूछा, 'कोई ख़बर ?'

सीवियरस स्नेप ने जवाब दिया, 'बहुत ही अच्छी।'

गली की बाईं तरफ़ काँटेदार झाड़ियाँ थीं। दाईं ओर तराशी हुई ऊँची हेज थी। चलते समय दोनों आदमियों के लंबे चोगे टखनों के चारों ओर लहरा रहे थे।

'मुझे लग रहा था, कहीं मुझे देर न हो गई हो,' याक्सले ने कहा और उसका चपटा चेहरा पेड़ों की शाखाओं से छनकर आती चाँदनी में कभी दिखता, कभी ओझल होता रहा। 'काम उम्मीद से ज़्यादा मुश्किल था। मेरी ख़बर सुनकर वे ख़ुश हो जाएँगे। क्या तुम्हारी ख़बर भी इतनी ही अच्छी है ?'

स्नेप ने हाँ में सिर हिलाया, लेकिन कुछ कहा नहीं। दाईं ओर एक चौड़ा ड्राइववे दिखा और वे उसी तरफ़ मुड़ गए। ऊँची हेज भी उनके साथ मुड़ गई। सामने लोहे का ऊँचा गेट उन दोनों का रास्ता रोके था, लेकिन उन्होंने अपनी चाल धीमी नहीं की, बल्कि सलाम की मुद्रा में अपना बायाँ हाथ उठाकर सीधे गेट के पार ऐसे निकल गए, जैसे वह काली धातु के बजाय काले धुएँ से बना हो।

सदाबहार की ऊँची हेज के कारण उनके क़दमों की आहट दब गई। बहरहाल, उन्हें दाईं तरफ़ सरसराहट सुनाई दी। याक्सले ने अपनी छड़ी दोबारा निकालकर स्नेप के सिर के ऊपर से तान दी। सरसराहट की आवाज़ एक सफ़ेद मोर के कारण हुई थी, जो हेज के ऊपर बैठा-बैठा शान से इठला रहा था।

'लूसियस का महल भी आलीशान है। *मोर पाल रखे हैं ...*' याक्सले ने हँसकर अपनी छड़ी चोगे के अंदर रखते हुए कहा।

सीधे ड्राइव के अंत में सुंदर जागीर पर बना हवेलीनुमा घर अँधेरे में दिखाई देने लगा। नीचे की मंज़िल की चौकोर खिड़कियों में रोशनी दिख रही थी। हेज के पार अँधेरे बगीचे में कहीं पर फव्वारा चलने की आवाज़ आ रही थी। जब स्नेप और याक्सले सामने वाले दरवाज़े की तरफ़ तेज़ी से आगे बढ़े, तो उनके पैरों तले गिट्टी चरमराने लगी। उनके पास पहुँचते ही दरवाज़ा अंदर की तरफ़ खुल गया, हालाँकि इसे खोलने वाला नज़र नहीं आ रहा था।

बड़े से गलियारे में हल्की रोशनी और बहुत बढ़िया सजावट थी। फ़र्श का ज़्यादातर हिस्सा एक शानदार गलीचे से ढँका था। दीवारों पर लगी तस्वीरों के पीले चेहरों की नज़रें उनका पीछा करती रहीं। वे दोनों लकड़ी के एक भारी दरवाज़े के सामने रुक गए। पल भर झिझकने के बाद स्नेप ने काँसे का हैंडल घुमा दिया।

ड्राइंग रूम में बहुत से ख़ामोश लोग एक लंबी और नक़्क़ाशीदार टेबल के पास लगी कुर्सियों पर बैठे थे। कमरे का बाक़ी फ़र्नीचर बेतरतीब ढंग से दीवारों के पास पहुँचा दिया गया था। संगमरमर के सुंदर मैंटलपीस के नीचे आग जल रही थी, जिसका प्रतिबिंब मैंटलपीस के दर्पण में दिख रहा था। कमरे में सिर्फ़ आग की रोशनी थी, इसलिए वहाँ थोड़ा अँधेरा था। स्नेप और याक्सले एक पल के लिए चौखट पर ही ठहर गए। जब उनकी आँखें कम रोशनी की अभ्यस्त हो गईं, तो उन्हें सामने एक अजीब दृश्य दिखा : टेबल के ऊपर एक बेहोश औरत उल्टी लटकी हुई थी और धीरे-धीरे घूम रही थी, जैसे किसी ने इसे अदृश्य रस्सी से लटका रखा हो। दर्पण और टेबल की चमकदार सतह पर उसका प्रतिबिंब दिख रहा था। टेबल पर बैठा कोई भी व्यक्ति उस औरत की तरफ़ नहीं देख रहा था, सिर्फ़ एक पीले किशोर को छोड़कर, जो लगभग इसके ठीक नीचे बैठा था। वह बार-बार ऊपर की तरफ़ देखने से ख़ुद को रोक नहीं पा रहा था।

'याक्सले, स्नेप,' टेबल के सिरे से एक तीखी, तेज़ आवाज़ आई। 'तुम्हें देर हो गई।'

यह बात कहने वाला अँगीठी के ठीक सामने बैठा था, इसलिए अभी-अभी कमरे में आए लोगों के लिए उसकी स्याह आकृति को ठीक से पहचान पाना मुश्किल था। बहरहाल, क़रीब आने पर उन्हें अँधेरे में चमकता उसका चेहरा दिखा। गंजा, साँप जैसा चेहरा, नथुनों की जगह छेद और चमकती हुई लाल आँखें, जिनकी पुतलियाँ लंबी थीं। वह इतना पीला था कि उसमें से मोती जैसी पीली चमक निकलती लग रही थी।

'सीवियरस, यहाँ बैठो,' वोल्डेमॉर्ट ने अपनी दाहिनी तरफ़ वाली कुर्सी की ओर इशारा करते हुए कहा। 'याक्सले – तुम डोलोहोव के पास बैठ जाओ।'

दोनों बताई हुई जगह पर बैठ गए। टेबल के चारों तरफ़ बैठे ज़्यादातर लोगों की निगाहें स्नेप पर टिकी थीं और वोल्डेमॉर्ट ने सबसे पहले उसी से बात की।

'तो ?'

'मालिक, मायापंछी का समूह अगले शनिवार को शाम के धुँधलके में हैरी पॉटर को वर्तमान सुरक्षित जगह से हटाने वाला है।'

टेबल के चारों ओर बैठे लोगों की दिलचस्पी बढ़ गई : कुछ लोगों का शरीर तन गया, कुछ अपनी कुर्सी पर कसमसाए। सभी स्नेप और वोल्डेमॉर्ट को टकटकी लगाकर देख रहे थे।

'शनिवार को ... शाम के धुँधलके में,' वोल्डेमॉर्ट ने दोहराया। उसकी लाल आँखें स्नेप की काली आँखों पर इतनी देर तक टिकी रहीं कि कुछ लोग दूर देखने लगे, जैसे डर रहे हों कि उस ख़ूँख़ार निगाह से जल जाएँगे। बहरहाल, स्नेप शांति से वोल्डेमॉर्ट के चेहरे की ओर देखता रहा और एक-दो पल बाद वोल्डेमॉर्ट के होंठविहीन मुँह पर मुस्कान दिखाई दी।

'अच्छा। बहुत अच्छा। और यह जानकारी किसने दी –'

'उसी सूत्र ने, जिसके बारे में हमने चर्चा की थी,' स्नेप ने कहा।

'मालिक।'

याक्सले वोल्डेमॉर्ट और स्नेप की ओर देखने के लिए लंबी टेबल पर आगे झुकते हुए बोला। सभी चेहरे उसकी तरफ़ मुड़ गए।

'मालिक, मैंने तो कुछ और सुना है।'

याक्सले ने इंतज़ार किया, लेकिन जब वोल्डेमॉर्ट कुछ नहीं बोला, तो उसने आगे कहा, 'मैंने डॉलिश नाम के ऑरर के मुँह से यह उगलवा लिया है कि पॉटर को सत्रह साल का होने तक यानी तीस तारीख़ की रात से पहले नहीं हटाया जाएगा।'

स्नेप मुस्करा दिया।

'मेरे सूत्र ने मुझे बताया था कि वे ग़लत जानकारी फैलाने वाले हैं। ज़ाहिर है, उसका इशारा इसी तरफ़ होगा। निश्चित रूप से डॉलिश पर विभ्रम सम्मोहन किया गया होगा ... और उसके साथ ऐसा पहली बार नहीं होगा। वह इस मामले में बहुत कच्चा है।'

'मालिक, मैं दावे से कहता हूँ, डॉलिश को पूरा भरोसा था,' याक्सले ने कहा।

'अगर उस पर विभ्रम सम्मोहन किया गया है, तो ज़ाहिर है उसे पूरा भरोसा होगा,' स्नेप ने कहा। 'याक्सले, मैं *तुम्हें* आश्वस्त करता हूँ, हैरी पॉटर की सुरक्षा में अब ऑरर कार्यालय कोई भूमिका नहीं निभाएगा। मायापंछी के समूह को लगता है कि हम मंत्रालय में काफ़ी घुसपैठ कर चुके हैं।'

'चलो, मायापंछी के समूह ने एक चीज़ तो सही सोची, है ना?' याक्सले से थोड़ी दूर बैठे एक मोटे आदमी ने कहा। उसने घरघराहट भरा ठहाका मारा, जिसे सुनकर टेबल पर बैठे कई लोग हँसने लगे।

लेकिन वोल्डेमॉर्ट नहीं हँसा। उसकी निगाह ऊपर धीरे-धीरे घूमने वाले शरीर पर टिक गई। वह विचारों में खोया हुआ दिख रहा था।

याक्सले ने आगे कहा, 'मालिक, डॉलिश को यक़ीन है कि बहुत से ऑरर्स लड़के को ले जाने वाले हैं –'

वोल्डेमॉर्ट ने अपना सफ़ेद हाथ उठाया और याक्सले तत्काल चुप हो गया, हालाँकि उसके चेहरे पर चिढ़ के भाव आ गए, जब वोल्डेमॉर्ट स्नेप से बोला।

'वे लोग लड़के को अब कहाँ छिपाने वाले हैं?'

'मायापंछी के समूह के किसी सदस्य के घर पर,' स्नेप ने कहा। 'सूत्र के मुताबिक़ उस घर पर मायापंछी के समूह और मंत्रालय ने सुरक्षा के सारे इंतज़ाम कर दिए हैं। मालिक, मुझे लगता है कि उसके वहाँ पहुँच जाने के बाद उसके पकड़ में आने की संभावना बहुत कम है, जब तक कि हम अगले

शनिवार से पहले ही मंत्रालय पर क़ब्ज़ा न कर लें। अगर क़ब्ज़ा हो जाता है, तो हम मंत्रालय के मंत्रों और सम्मोहनों का पता लगाकर उन्हें तोड़ सकते हैं और मायापंछी के समूह के मंत्रों तथा सम्मोहनों को तो हम ख़ुद तोड़ लेंगे।'

'याक्सले?' वोल्डेमॉर्ट ने याक्सले की तरफ़ देखा और उसकी लाल आँखों में आग की रोशनी अजीब तरीक़े से चमकने लगी। '*क्या* अगले शनिवार तक मंत्रालय पर हमारा क़ब्ज़ा हो जाएगा?'

एक बार फिर सारे सिर घूम गए। याक्सले ने अपने कंधे तान लिए।

'मालिक, मेरे पास इस बारे में अच्छी ख़बर है। काफ़ी मुश्किलों और कोशिशों के बाद मैंने पायस थिकनेस को सम्मोहन शाप से वश में कर लिया है।'

याक्सले के आस-पास बैठे कई लोग प्रभावित नज़र आने लगे। याक्सले के ठीक पास बैठे लंबे, विकृत चेहरे वाले डोलोहोव ने उसकी पीठ थपथपाई।

'यह तो सिर्फ़ शुरुआत है,' वोल्डेमॉर्ट ने कहा। 'थिकनेस मंत्रालय का सिर्फ़ एक आदमी है। मेरे काम करने के लिए ज़रूरी है कि स्क्रिमग्योर हमारे आदमियों से घिर जाए। अगर मंत्री की हत्या की कोशिश एक बार भी नाकामयाब हो गई, तो मेरी योजनाएँ काफ़ी पिछड़ जाएँगी।'

'मालिक, यह सच है – लेकिन आप जानते ही हैं, थिकनेस जादुई क़ानून पालन विभाग का प्रमुख है। इसलिए वह न सिर्फ़ मंत्री के साथ, बल्कि मंत्रालय के अन्य विभागों के प्रमुखों के भी नियमित संपर्क में रहता है। मुझे लगता है कि इतने बड़े अधिकारी को अपने वश में करने के बाद अब हम बाक़ी अधिकारियों को भी वश में कर सकते हैं। हमारा काम अब आसान हो जाएगा, क्योंकि वे सभी मिलकर स्क्रिमग्योर को हटाने के लिए काम कर सकते हैं।'

वोल्डेमॉर्ट ने कहा, 'बशर्ते दूसरों को वश में करने से पहले ही हमारे दोस्त थिकनेस की पोल न खुल जाए। कुल मिलाकर, ऐसा लगता है कि अगले शनिवार से पहले मंत्रालय पर हमारा क़ब्ज़ा नहीं हो पाएगा। अगर हम लड़के को उसकी मंज़िल पर पहुँचने के बाद नहीं छू सकते, तो हमें यह काम उसकी यात्रा के दौरान करना होगा।'

'हम यह काम आसानी से कर सकते हैं, मालिक,' याक्सले ने कहा,

जो वोल्डेमॉर्ट से तारीफ़ भरे शब्द सुनने के लिए लालायित दिख रहा था। 'जादुई यातायात विभाग में हमारे कई लोग घुसपैठ कर चुके हैं। अगर पॉटर अंतर्ध्यान होता है या छू नेटवर्क का इस्तेमाल करता है, तो हमें तत्काल पता चल जाएगा।'

'वह इन दोनों का ही इस्तेमाल नहीं करेगा,' स्नेप ने कहा। 'मायापंछी का समूह मंत्रालय के नियंत्रण वाले किसी भी यातायात साधन का इस्तेमाल नहीं करेगा। उन्हें मंत्रालय से जुड़ी किसी भी चीज़ पर भरोसा नहीं है।'

'यह तो और भी अच्छा है,' वोल्डेमॉर्ट ने कहा। 'तब तो वह खुले में यात्रा करेगा और उसे पकड़ना ज़्यादा आसान होगा।'

एक बार फिर वोल्डेमॉर्ट ने ऊपर धीरे-धीरे घूमते शरीर की तरफ़ देखा और बोला, 'मैं ख़ुद उस लड़के का काम तमाम करूँगा। हैरी पॉटर के मामले में बहुत सारी ग़लतियाँ हुई हैं। उनमें से कुछ मेरी भी हैं। पॉटर अपनी क़ाबिलियत के कारण नहीं, मेरी ग़लतियों के कारण ज़िंदा है।'

टेबल पर बैठे लोगों ने वोल्डेमॉर्ट को सहमकर देखा। सभी के चेहरे पर यह डर साफ़ झलक रहा था कि हैरी पॉटर के ज़िंदा रहने के लिए उन्हें दोष दिया जा सकता है। बहरहाल, ऐसा लग रहा था, जैसे वोल्डेमॉर्ट किसी और से नहीं, बल्कि ख़ुद से बात कर रहा था, क्योंकि वह अब भी ऊपर घूमती बेहोश आकृति की तरफ़ देखकर बोल रहा था।

'अब तक मैं अपनी लापरवाही, क़िस्मत और संयोग के कारण हारा हूँ, जिनके कारण सर्वश्रेष्ठ योजना को छोड़कर बाक़ी सभी योजनाएँ गड़बड़ा जाती हैं। लेकिन अब मैं पहले से ज़्यादा जानता हूँ। अब मैं उन चीज़ों को समझ गया हूँ, जिन्हें पहले नहीं समझता था। हैरी पॉटर मेरे ही हाथों मरेगा और उसे मैं ही मारूँगा।'

तभी दर्द और दुख भरी एक लंबी चीख़ सुनाई दी, जैसे इन्हीं शब्दों को सुनकर निकली हो। टेबल पर बैठे कई लोगों ने हैरानी से नीचे की तरफ़ देखा, क्योंकि आवाज़ उनके पैरों के नीचे से आती लग रही थी।

'वर्मटेल,' वोल्डेमॉर्ट ने कहा, हालाँकि उसकी धीमी, खोई-खोई आवाज़ में ज़रा भी बदलाव नहीं हुआ और उसने ऊपर घूमते शरीर पर से नज़रें नहीं हटाईं, 'मैंने तुमसे कहा था ना, क़ैदी को चुप रखना।'

'हाँ – मालिक,' टेबल पर आधी दूर बैठे एक नाटे आदमी ने हाँफते हुए कहा, जो अपनी कुर्सी पर इतना झुककर बैठा था कि पहली नज़र में तो

कुर्सी ख़ाली दिख रही थी। वह अपनी कुर्सी से उतरकर इतनी फ़ुर्ती से कमरे के बाहर निकला कि बस उसके हाथ की चाँदी जैसी झलक ही नज़र आई।

वोल्डेमॉर्ट एक बार फिर अपने अनुयायियों के तनावपूर्ण चेहरों की तरफ़ देखते हुए बोला, 'जैसा कि मैं कह रहा था, अब मैं पहले से ज़्यादा समझ चुका हूँ। जैसे यह बात कि पॉटर को मारने के लिए मुझे तुममें से किसी की छड़ी उधार लेनी पड़ेगी।'

सबके चेहरों पर सदमे का भाव आ गया। ऐसा लग रहा था, जैसे वोल्डेमॉर्ट ने उनका दायाँ हाथ उधार माँग लिया हो।

'कोई अपनी इच्छा से आगे नहीं आ रहा है?' वोल्डेमॉर्ट ने कहा। 'चलो देखते हैं ... लूसियस, मुझे ऐसा कोई कारण नज़र नहीं आता है कि तुम्हें अब छड़ी की ज़रूरत हो।'

लूसियस मैल्फ़ॉय ने ऊपर देखा। उसकी चमड़ी आग की रोशनी में पीली और मोम जैसी नज़र आ रही थी। उसकी आँखें धँसी हुई थीं तथा उनके आस-पास काले घेरे नज़र आ रहे थे। वह भर्राई आवाज़ में बोला।

'मालिक?'

'तुम्हारी छड़ी, लूसियस। मुझे तुम्हारी छड़ी चाहिए।'

'मैं ...'

मैल्फ़ॉय ने कनखियों से अपनी पत्नी को देखा। वह सामने की तरफ़ एकटक देख रही थी। उसका चेहरा भी उसके पति जितना ही पीला था। उसके लंबे, सुनहरे बाल पीठ पर झूल रहे थे, लेकिन टेबल के नीचे उसकी पतली उँगलियाँ पति की कलाई पर हल्के से जकड़ गईं। उसके स्पर्श पर मैल्फ़ॉय ने दुशाले में से छड़ी निकालकर वोल्डेमॉर्ट की ओर बढ़ा दी, जो छड़ी को अपनी लाल आँखों के सामने रखकर ग़ौर से देखने लगा।

'कौन सी लकड़ी की है?'

'एल्म की, मालिक,' मैल्फ़ॉय ने फुसफुसाकर कहा।

'और इसके अंदर क्या है?'

'ड्रैगन - ड्रैगन के दिल का रेशा।'

'अच्छी बात है,' वोल्डेमॉर्ट ने कहा। उसने अपनी छड़ी निकाली और दोनों छड़ियों की लंबाई की तुलना की।

लूसियस मैल्फ़ॉय ने अनजाने में अपना हाथ बढ़ा दिया। एक पल के

लिए तो ऐसा लगा, जैसे उसे उम्मीद हो कि वोल्डेमॉर्ट बदले में उसे अपनी छड़ी दे देगा। वोल्डेमॉर्ट ने यह देख लिया और उसकी आँखें दुर्भावना से फैल गईं।

'तुम्हें मेरी छड़ी दे दूँ, लूसियस? *मेरी* छड़ी?'

कुछ लोग खी-खी करने लगे।

'लूसियस, मैंने तुम्हें आज़ादी दे दी है, क्या यही तुम्हारे लिए काफ़ी नहीं है? लेकिन मैं देख रहा हूँ कि तुम और तुम्हारा परिवार कुछ समय से ख़ुश नहीं है ... मैं तुम्हारे घर ठहरा हूँ, इस बात से तुम ख़ुश क्यों नहीं हो, लूसियस?'

'बिलकुल नहीं - बिलकुल नहीं, मालिक!'

'झूठ मत बोलो, लूसियस...'

जब उसके क्रूर मुँह ने बोलना बंद कर दिया, तब भी हिस्स की धीमी आवाज़ आती रही। जब यह आवाज़ थोड़ी तेज़ हुई, तो एक-दो जादूगर बमुश्किल अपनी कँपकँपी रोक पाए। टेबल के नीचे फ़र्श पर किसी भारी चीज़ के सरसराने की आवाज़ सुनाई दे रही थी।

नागिनी वोल्डेमॉर्ट की कुर्सी पर धीरे-धीरे चढ़ी। वह लगातार चढ़ती रही और वोल्डेमॉर्ट के कंधों पर जाकर ठहर गई। उसकी गर्दन इंसान की जाँघ जितनी मोटी थी। उसकी आँखों में पुतलियों की जगह पर लंबे छेद थे और वे झपक नहीं रही थीं। वोल्डेमॉर्ट ने अपनी लंबी, पतली उँगलियों से उसे सहलाया, लेकिन नज़रें लूसियस मैल्फ़ॉय पर ही टिकाए रखीं।

'पूरा मैल्फ़ॉय परिवार इतना नाख़ुश क्यों दिखता है? क्या मेरी वापसी से, मेरे शक्तिशाली बनने से, जिसकी चाहत वे इतने सालों से ज़ाहिर कर रहे थे?'

'निश्चित रूप से, मेरे मालिक,' लूसियस मैल्फ़ॉय ने काँपते हाथ से अपने ऊपरी होंठ का पसीना पोंछते हुए कहा, 'मेरे मालिक, हमारी यही चाहत थी - अब भी है।'

मैल्फ़ॉय की बाईं तरफ़ उसकी पत्नी ने अजीब अंदाज़ में सिर हिलाया और अपनी नज़रें वोल्डेमॉर्ट तथा नागिनी से दूर हटा लीं। उसकी दाईं तरफ़ उसका बेटा ड्रेको ऊपर लटकी आकृति को घूर रहा था। उसने जल्दी से वोल्डेमॉर्ट को देखा और फ़ौरन दूर देखने लगा, जैसे नज़रें मिलाने

से डर रहा हो।

'मालिक,' टेबल पर आधी दूर बैठी एक साँवली औरत भावना से भरी आवाज़ में बोली, 'हमारे पुश्तैनी मकान में आपका ठहरना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। इससे बड़ी ख़ुशी हमें किसी बात से नहीं मिल सकती थी।'

वह अपनी बहन नार्सिसा के पास बैठी थी। दोनों एक-दूसरे से बहुत अलग थीं। बेलाट्रिक्स के बाल काले और पलकें भारी थीं। उसके हाव-भाव भी अलग थे। नार्सिसा सख़्त और निष्क्रिय थी, जबकि बेलाट्रिक्स वोल्डेमॉर्ट की तरफ़ झुकी हुई थी, जैसे क़रीब आने की उसकी हसरत सिर्फ़ शब्दों से ज़ाहिर नहीं हो सकती हो।

'इससे बड़ी ख़ुशी नहीं मिल सकती थी,' वोल्डेमॉर्ट ने अपना सिर थोड़ा सा झुकाकर बेलाट्रिक्स को ग़ौर से देखते हुए कहा। 'बेलाट्रिक्स, तुम्हारे मुँह से यह सुनना बहुत बड़ी बात है।'

बेलाट्रिक्स के चेहरे पर जैसे रंग की बाढ़ आ गई। उसकी आँखों में ख़ुशी के आँसू भर आए।

'मालिक जानते हैं कि मैं हमेशा सच बोलती हूँ।'

'इससे बड़ी ख़ुशी नहीं मिल सकती थी ... उस सुखद घटना से भी बड़ी, जो मैंने सुना है तुम्हारे परिवार में इस सप्ताह हुई है?'

बेलाट्रिक्स का मुँह खुला रह गया, जैसे इसका मतलब न समझ पाई हो।

'मैं समझी नहीं, मालिक।'

'मैं तुम्हारी भांजी के बारे में बात कर रहा हूँ, बेलाट्रिक्स। और तुम्हारी भी, लूसियस और नार्सिसा। उसने अभी-अभी रीमस ल्यूपिन नामक नरभेड़िए से शादी की है। इस पर तो तुम्हें बहुत गर्व होना चाहिए।'

टेबल पर चारों ओर व्यंग्यपूर्ण हँसी का विस्फोट हो गया। कई लोग एक-दूसरे की तरफ़ देखने के लिए आगे झुक गए। कइयों ने टेबल पर मुक्के मारे। विशाल नागिनी को यह हलचल पसंद नहीं आई और वह अपना मुँह फाड़कर ग़ुस्से से फुफकारने लगी, लेकिन प्राणभक्षियों को उसकी फुफकार सुनाई नहीं दी। वे तो बेलाट्रिक्स और मैल्फ़ॉय दंपति के अपमान पर मज़े लेने में मशगूल थे। बेलाट्रिक्स का चेहरा, जो पल भर पहले ख़ुशी से चमक रहा था, वह इस वक़्त बदसूरत और भदरंगा लाल हो

गया था।

'वह हमारी भांजी नहीं है, मालिक,' वह ख़ुशी भरी आवाज़ों के बीच चिल्लाई। 'जब से हमारी बहन ने टेड नाम के बदज़ात से शादी की है, तब से नार्सिसा और मैंने उसकी शक्ल तक नहीं देखी है। उसकी कमबख़्त औलाद या उस औलाद से शादी करने वाले जानवर से हम दोनों का कोई रिश्ता नहीं है।'

'तुम क्या कहते हो, ड्रेको?' वोल्डेमॉर्ट ने धीमी आवाज़ में कहा, जो सीटियों और खिल्ली उड़ाती आवाज़ों के बावजूद साफ़ सुनाई दे रही थी। 'क्या तुम उसके पिल्लों को खिलाओगे?'

खिलखिलाहट और बढ़ गई। ड्रेको मैल्फ़ॉय ने दहशत से अपने पिता की तरफ़ देखा, जो अपने पैरों की तरफ़ देख रहा था। फिर उसने अपनी माँ से नज़रें मिलाईं। उसकी माँ ने अपना सिर बहुत हल्के से ना में हिलाया, फिर सूनी निगाह से सामने वाली दीवार को घूरने लगी।

'बहुत हो गया,' वोल्डेमॉर्ट ने नाराज़ नागिन को सहलाते हुए कहा। 'बहुत हो गया।'

हँसी एकदम रुक गई।

'हमारे कई पुराने ख़ानदानों के वंशवृक्ष समय के साथ थोड़े बीमार हो चले हैं,' उसने कहा, जब बेलाट्रिक्स साँस रोके याचना भरी निगाहों से उसे निहार रही थी। 'इनकी सेहत के लिए तुम्हें इन्हें काटना-छाँटना चाहिए, नहीं क्या? उन हिस्सों को काटकर अलग कर दो, जो बाक़ी पेड़ की सेहत के लिए ख़तरा बन सकते हों।'

'हाँ, मेरे मालिक,' बेलाट्रिक्स ने फुसफुसाकर कहा और उसकी आँखें एक बार फिर कृतज्ञता के आँसुओं से भर गईं। 'पहला मौक़ा मिलते ही!'

'तुम्हें मौक़ा ज़रूर मिलेगा,' वोल्डेमॉर्ट ने कहा। 'और जैसा तुम्हारे परिवार में है, वैसा ही बाक़ी दुनिया में भी होगा ... हम उस दूषित हिस्से को काटकर फेंक देंगे, जो हमें प्रदूषित करता है, जब तक कि दुनिया में शुद्ध ख़ून वालों के अलावा कोई भी बाक़ी न रहे ...'

वोल्डेमॉर्ट ने लूसियस मैल्फ़ॉय की छड़ी उठाकर टेबल के ऊपर धीरे-धीरे घूमती आकृति की ओर तानी और हल्के से हिलाई। आकृति एक कराह के साथ हिलने लगी और अदृश्य बंधनों से जूझने लगी।

'सीवियरस, क्या तुमने हमारी मेहमान को पहचान लिया?' वोल्डेमॉर्ट ने पूछा।

स्नेप ने अपनी निगाह उल्टे लटके चेहरे की तरफ़ उठाई। सभी प्राणभक्षी अब लटकी हुई आकृति को देख रहे थे, जैसे उन्हें जिज्ञासा दिखाने की अनुमति मिल गई हो। जब घूमती हुई आकृति आग की रोशनी में आई, तो एक औरत की थरथराती और दहशत भरी आवाज़ आई, 'सीवियरस! मदद करो!'

'ओह हाँ,' स्नेप ने कहा, जब उस औरत का चेहरा धीरे-धीरे फिर से दूर चला गया।

'और तुमने, ड्रेको?' वोल्डेमॉर्ट ने पूछा और उस हाथ से नागिन के फ़न को सहलाया, जिसमें छड़ी नहीं थी। ड्रेको ने अपना सिर इंकार में हिलाया। उस औरत के होश में आने के बाद जैसे वह उसकी तरफ़ देखना गवारा नहीं कर पा रहा था।

'लेकिन तुम उसकी क्लास में नहीं पढ़े होगे,' वोल्डेमॉर्ट ने कहा। 'जो लोग नहीं जानते हैं, उनकी जानकारी के लिए बता दूँ कि यह चैरिटी बरबेज है, जो कुछ समय पहले तक हॉगवर्ट्स जादूगरी और तंत्र विद्यालय में पढ़ाती थी।'

टेबल के चारों ओर से समझ की धीमी-धीमी आवाज़ें आने लगीं। झुके कंधों तथा नुकीले दाँतों वाली एक मोटी औरत ने किलकारी भरी।

'हाँ ... प्रोफ़ेसर बरबेज जादूगरनियों और जादूगरों के बच्चों को मगलुओं के बारे में पढ़ाती थी ... वह सिखाती थी कि वे हमारे जैसे ही होते हैं ...'

यह सुनकर एक प्राणभक्षी ने फ़र्श पर थूक दिया। चैरिटी बरबेज का चेहरा एक बार फिर घूमकर स्नेप के सामने आ गया।

'सीवियरस ... प्लीज़ ... प्लीज़ ...'

'ख़ामोश,' वोल्डेमॉर्ट ने कहा और लूसियस मैल्फ़ॉय की छड़ी के एक झटके से चैरिटी इस तरह ख़ामोश हो गई, जैसे उसके मुँह में कपड़ा ठूँस दिया गया हो। 'जादूगरों के बच्चों के दिमाग़ को गंदा और दूषित करने से जब प्रोफ़ेसर बरबेज को तसल्ली नहीं मिली, तो उसने *दैनिक जादूगर* में बदज़ातों के समर्थन में भावनात्मक लेख लिख दिया। इसमें उसने लिखा कि हमें अपने ज्ञान और जादू के इन चोरों को स्वीकार कर लेना चाहिए। प्रोफ़ेसर बरबेज ने लिखा था कि शुद्ध ख़ून वाले जादूगरों की संख्या कम

होना बहुत अच्छी बात है ... वह चाहती है कि हम सब मगलुओं से शादी कर लें ... या फिर नरभेड़ियों से ...'

इस बार कोई नहीं हँसा : वोल्डेमॉर्ट के ग़ुस्से और हिकारत को समझने में कोई ग़लती नहीं हो सकती थी। तीसरी बार, चैरिटी बरबेज घूमती हुई स्नेप के सामने आई। उसकी आँखों से आँसू गिरकर उसके बालों में जा रहे थे। जब वह घूमकर एक बार फिर दूर चली गई, तो स्नेप ने अविचलित भाव से उसे देखा।

*'मृत्युदंशम्!'*

हरी रोशनी की चमक पूरे कमरे में भर गई। चैरिटी ज़ोरदार धमाके के साथ टेबल पर गिरी, जो हिलने और चरमराने लगी। कुछ प्राणभक्षी उछलकर अपनी कुर्सी पर पीछे हो गए। ड्रेको उछलकर फ़र्श पर गिर गया।

'नागिनी, तुम्हारा डिनर,' वोल्डेमॉर्ट ने धीरे से कहा और बड़ी नागिनी लहराती हुई उसके कंधों से नीचे फिसली तथा लकड़ी के चमकदार फ़र्श पर रेंगने लगी।

# अध्याय दो

# याद में

हैरी के हाथ से ख़ून निकल रहा था। अपने दाएँ हाथ को बाएँ हाथ में पकड़कर मन ही मन गालियाँ देते हुए उसने कंधे से धक्का देकर अपने बेडरूम का दरवाज़ा खोला। चीनी मिट्टी की किसी चीज़ के टूटने की आवाज़ आई : उसका पैर ठंडी चाय के कप पर पड़ गया था, जो उसके बेडरूम के दरवाज़े के बाहर फ़र्श पर रखा था।

'लानत है – ?'

उसने इधर-उधर देखा। प्रिविट ड्राइव के मकान नंबर चार की सीढ़ियाँ वीरान थीं। शायद डडली ने उसके मज़े लेने के इरादे से दरवाज़े के ठीक सामने चाय का कप रख दिया होगा। हैरी ने ख़ून बहते हाथ को ऊपर उठाया और दूसरे हाथ से कप के टुकड़े बटोरकर लबालब भरे कूड़ेदान में डाल दिए, जो उसके बेडरूम के दरवाज़े के भीतर दिख भर रहा था। फिर वह अपनी उँगली नल के पानी के नीचे धोने के लिए बाथरूम की तरफ़ भागा।

उसे यह बात मूर्खतापूर्ण, निरर्थक, बहुत चिढ़ाने वाली लग रही थी कि वह अब भी चार दिन तक जादू नहीं कर सकता ... लेकिन उसे यह स्वीकार करना पड़ा कि उसकी उँगली में हुआ घाव उसकी योजना गड़बड़ा सकता था और उसे जादू से घाव ठीक करना नहीं आता था। उसे एहसास हुआ कि उसकी जादुई शिक्षा में यह एक गंभीर कमी थी, ख़ास तौर पर उसकी भावी योजनाओं के संदर्भ में। उसने फ़ैसला किया कि वह हर्माइनी से इसका तरीक़ा ज़रूर पूछेगा। फिर उसने टॉयलेट पेपर का एक बड़ा टुकड़ा लिया और उससे फैली हुई चाय जैसे-तैसे साफ़ कर दी। इसके बाद अपने बेडरूम में लौटकर उसने ज़ोर से दरवाज़ा लगा लिया।

हैरी ने सुबह अपने स्कूल के संदूक को छह साल बाद पहली बार

पूरा ख़ाली किया था। अब तक तो हर साल स्कूल शुरू होते समय वह इसमें ऊपर रखे तीन-चौथाई सामान को बाहर निकालकर उसमें से कुछ चीज़ों को बदल देता था, हटा देता था या नई चीज़ें रख लेता था। नीचे का सामान - पुरानी क़लमें, बीटल की सूखी आँखें, छोटे पड़ गए मोज़े - ज्यों का त्यों संदूक में ही पड़ा रहता था। कुछ मिनट पहले हैरी ने इसी ढेर में अपना हाथ डाला था। फ़ौरन उसके दाहिने हाथ की चौथी उँगली में तेज़ दर्द हुआ और जब उसने उँगली बाहर निकाली, तो यह ख़ून में लथपथ थी।

अब वह थोड़ी ज़्यादा सावधानी से यह काम करने लगा। उसने एक बार फिर घुटनों के बल बैठकर संदूक की तलहटी टटोली। उसमें से एक पुराना बैज निकला, जिस पर ***सेडरिक डिगोरी हीरो है*** लिखा था, जो बीच-बीच में ***पॉटर ज़ीरो है*** में बदल रहा था। तलहटी में हैरी को एक टूटा हुआ और घिसा-पिटा मुख़बिर यंत्र भी मिला। इसके अलावा **'आर.ए.बी.'** नामक जादूगर के संदेश वाला सुनहरा लॉकेट भी था और आख़िरकार उसे वह नुकीली चीज़ मिल ही गई, जिससे उसकी उँगली कटी थी। वह उसे देखते ही फ़ौरन पहचान गया। यह उस जादुई आईने का दो इंच लंबा टुकड़ा था, जो उसके मृत गॉडफ़ादर सिरियस ने उसे दिया था। हैरी ने उसे एक तरफ़ रखकर सावधानी से बाक़ी का संदूक टटोला, लेकिन संदूक में सबसे नीचे चमकती धूल की तरह पड़े काँच के चूरे को छोड़कर सिरियस के आख़िरी तोहफ़े का और कोई अवशेष नहीं था।

हैरी ठीक से बैठकर उस नुकीले टुकड़े की जाँच करने लगा, जिससे उसकी उँगली पर घाव हुआ था। उसे उसमें अपनी चमकती हरी आँखों के प्रतिबिंब के सिवाय और कुछ नज़र नहीं आया। फिर उसने उस टुकड़े को सुबह के *दैनिक जादूगर* के ऊपर रख दिया, जो पलंग पर बिना खुला पड़ा था। उसने कटु यादों के अचानक आए तूफ़ान को रोकने की कोशिश की। टूटे आईने की यादों और अफ़सोस की टीसों को दबाने के लिए उसने संदूक में भरे बाक़ी अटाले पर हमला कर दिया।

संदूक को पूरी तरह ख़ाली करने और उसमें रखी बेकार चीज़ें हटाने में उसे एक घंटा और लग गया। बचे हुए सामान को उसने दो ढेरों में जमा दिया। एक ढेर में वह सामान था, जिसकी उसे आगे ज़रूरत थी। दूसरे में वह सामान था, जिसकी अब उसे आगे ज़रूरत नहीं पड़ेगी। स्कूल और क्विडिच के दुशाले, कड़ाही, चर्मपत्र, क़लमें तथा उसकी ज़्यादातर पुस्तकें, जिन्हें वह यहीं छोड़कर जाने वाला था, एक कोने में पहुँच गईं। उसने सोचा कि उसके अंकल-आंटी इन चीज़ों के साथ जाने क्या सलूक करेंगे। शायद

रात के अँधेरे में उन्हें जला देंगे, जैसे वे किसी भयंकर अपराध का सबूत हों। उसने अपने मगलू कपड़े, अदृश्य चोगा, काढ़ा बनाने का सामान, कुछ ख़ास पुस्तकें, हैग्रिड का दिया एलबम, कुछ चिट्ठियाँ और छड़ी एक पुराने बैग में जमा लीं। बैग के सामने वाली जेब में हॉगवर्ट्स का नक़्शा और **'आर.ए.बी.'** वाला लॉकेट था। लॉकेट को यह सम्मानित जगह इसके क़ीमती होने के कारण नहीं दी गई थी - यह बिलकुल मूल्यहीन था - बल्कि इसलिए दी गई थी, क्योंकि इसे हासिल करने की बहुत बड़ी क़ीमत चुकाई गई थी।

सामने हैरी की डेस्क पर अख़बारों का काफ़ी बड़ा ढेर रखा था, जिसके पास उसकी सफ़ेद उल्लू हेडविग बैठी थी। ये अख़बार तभी से प्रतिदिन इकट्ठे हो रहे थे, जब से हैरी गर्मियों में प्रिविट ड्राइव में रहने आया था।

उसने खड़े होकर अँगड़ाई ली और डेस्क तक गया। जब वह अख़बारों को सरसरी तौर पर देखकर एक-एक करके कचरे के ढेर में फेंकने लगा, तो हेडविग ने कोई हलचल नहीं की। हेडविग या तो सो रही थी या फिर सोने का नाटक कर रही थी। वह हैरी से नाराज़ थी, क्योंकि वह इन दिनों उसे पिंजरे से बहुत कम समय बाहर रहने दे रहा था।

अख़बारों के ढेर के अंत में पहुँचने के बाद हैरी ने अपनी रफ़्तार कम कर ली। उसे एक ख़ास अख़बार की तलाश थी, जो उसके प्रिविट ड्राइव में रहने आने के कुछ समय बाद ही आया था। उसे याद था कि उसके पहले पन्ने पर हॉगवर्ट्स में मगलू अध्ययन विषय की टीचर चैरिटी बरबेज़ के इस्तीफ़े की छोटी सी ख़बर थी। आख़िरकार उसे वह अख़बार मिल गया। पेज नंबर दस को पलटते हुए वह कुर्सी पर बैठकर उस लेख को दोबारा पढ़ने लगा, जिसकी उसे तलाश थी।

### *एल्बस डम्बलडोर की याद*

*एल्फ़ियस डोज*

*मैं ग्यारह साल की उम्र में एल्बस डम्बलडोर से पहली बार मिला था, तब हम दोनों पहली बार हॉगवर्ट्स जा रहे थे। हम एक-दूसरे की ओर तत्काल आकर्षित हो गए, क्योंकि उस वक़्त हम दोनों ही ख़ुद को बाहरी मान रहे थे। स्कूल आने से कुछ समय पहले ही मुझे ड्रैगन पॉक्स हो गई थी। हालाँकि हॉगवर्ट्स पहुँचने तक संक्रमण का ख़तरा नहीं बचा था, लेकिन*

मेरे चेहरे पर मौजूद दानों के निशानों और हरी रंगत के कारण ज़्यादातर लोग मेरे पास आने में झिझक रहे थे। उधर एल्बस अनचाही कुख्याति के बोझ के साथ हॉगवर्ट्स गए थे। बमुश्किल एक साल पहले उनके पिता पर्सिवल ने तीन मगलू बच्चों पर ख़ूँख़ार हमला कर दिया था और इस अपराध के लिए उन्हें सज़ा सुनाई गई थी।

एल्बस ने कभी इस बात से इंकार करने की कोशिश नहीं की कि उनके पिता (जिन्होंने बाद में अज़्काबान में दम तोड़ दिया था) ने वह अपराध किया था। जब मैंने हिम्मत करके उनसे इस बारे में पूछा, तो उन्होंने मुझे बताया कि उनके पिता यक़ीनन अपराधी थे। उसके बाद डम्बलडोर ने उस दुखद घटना के बारे में कभी बात नहीं की, हालाँकि उनसे ऐसा करवाने की काफ़ी कोशिशें की गईं। दरअसल, कुछ लोग तो उनके पिता के काम को प्रशंसा भरी नज़रों से देखते थे और यह सोचते थे कि एल्बस भी मगलू-विरोधी होंगे। उन लोगों की सोच बिलकुल ग़लत थी। जैसा एल्बस को जानने वाला कोई भी व्यक्ति गवाही दे सकता है, उन्होंने जीवन में कभी भी मगलू-विरोधी नज़रिया नहीं दिखाया। सच तो यह है कि मगलुओं के अधिकारों की प्रवल हिमायत की वजह से बाद के वर्षों में कई लोग उनके दुश्मन वन गए।

वहरहाल, कुछ ही महीनों में एल्बस की ख्याति उनके पिता की कुख्याति से आगे निकल गई। फ़र्स्ट ईयर ख़त्म होते-होते वे मगलू-विरोधी जादूगर के वेटे के रूप में नहीं, वल्कि स्कूल के अव तक के सवसे होनहार विद्यार्थी के रूप में मशहूर हो गए। उनका दोस्त वनना हमारी ख़ुशक़िस्मती थी, क्योंकि उनकी मिसाल से हमें लाभ हुआ। साथ ही उनकी मदद और प्रोत्साहन से भी, जो वे हमेशा उदारता से देते थे। स्कूल से निकलने के बाद उन्होंने मुझे वताया कि उस वक़्त भी उन्हें एहसास था कि सिखाने में उन्हें सवसे ज़्यादा ख़ुशी मिलती है।

उन्होंने स्कूल का हर पुरस्कार ही नहीं जीता, वल्कि जल्दी ही उस दौर के उल्लेखनीय जादूगरों के साथ नियमित पत्राचार भी करने लगे, जिनमें मशहूर कीमियागर निकोलस फ़्लामेल, चर्चित इतिहासकार वाथिल्डा बैगशॉट और जादुई सिद्धांतकार

एडलबर्ट वैफ़लिंग शामिल थे। रूपांतरण आज, सम्मोहन की चुनौतियाँ और व्यावहारिक काढ़ा-निर्माता जैसे महत्वपूर्ण प्रकाशनों में उनके कई शोधपत्र छपे। डम्बलडोर का कैरियर बेहद उज्ज्वल नज़र आ रहा था और इकलौता सवाल यही था कि वे कब जादू मंत्री बनेंगे। हालाँकि बाद के वर्षों में भी अक्सर उनके मंत्री बनने की अटकलें लगाई गईं, लेकिन उनके मन में मंत्री बनने की महत्वाकांक्षा कभी थी ही नहीं।

हॉगवर्ट्स में हमारे पढ़ाई शुरू करने के तीन साल बाद एल्बस का भाई एबरफ़ोर्थ भी वहाँ आ गया। उन दोनों में ज़मीन-आसमान का फ़र्क़ था। एबरफ़ोर्थ की पढ़ाई में ख़ास दिलचस्पी नहीं थी। वह एल्बस की तरह तर्कपूर्ण बातचीत से नहीं, बल्कि कुश्ती लड़कर मतभेद सुलझाना ज़्यादा पसंद करता था। बहरहाल, यह कहना बिलकुल ग़लत है, जैसा कइयों ने कहा है कि दोनों भाइयों में दोस्ती नहीं थी। उनके आपसी संबंध अच्छे थे, जितने कि दो इतने अलग क़िस्म के भाइयों के हो सकते थे। एबरफ़ोर्थ के नज़रिए से देखें, तो एल्बस की छाया में रहना कोई आरामदेह अनुभव नहीं था। हर क्षेत्र में एल्बस से पीछे रहना उनके आपस में दोस्त बनने के बीच स्पष्ट जोखिम था और भाई के रूप में भी यह ज़्यादा आनंददायक नहीं हो सकता था।

हॉगवर्ट्स से निकलने के बाद एल्बस और मैं एक साथ दुनिया का पारंपरिक भ्रमण करना चाहते थे। अपना कैरियर शुरू करने से पहले हम विदेशी जादूगरों से मिलना-जुलना चाहते थे। बहरहाल, क़िस्मत को यह मंज़ूर नहीं था। हमारी यात्रा शुरू होने के एक दिन पहले ही एल्बस की माँ केंड्रा की मौत हो गई और एल्बस परिवार के मुखिया बन गए। केंड्रा की अंत्येष्टि में शामिल होने और श्रद्धांजलि देने के लिए मैंने अपनी यात्रा कुछ दिनों के लिए टाल दी और इसके बाद मैं अकेले ही दुनिया की सैर करने चल दिया। एल्बस को अपने छोटे भाई और बहन की देखभाल करनी थी; इसके अलावा पैसों की तंगी भी थी, इसलिए एल्बस के मेरे साथ जाने का सवाल ही नहीं था।

यह हमारे जीवन का ऐसा दौर था, जिसमें हमारे बीच बहुत

कम संपर्क रहा। मैं एल्बस को पत्र लिखता रहा और शायद थोड़ी असंवेदनशीलता से अपनी यात्रा के रोचक प्रसंग बताता रहा, जिनमें ग्रीस में दैत्यों से बाल-बाल बचने से लेकर मिस्र के कीमियागरों के प्रयोगों तक के वर्णन शामिल थे। उनके पत्रों से मुझे उनकी दिनचर्या के बारे में बहुत कम जानकारी मिली, हालाँकि मुझे अंदाज़ा था कि इतने प्रतिभाशाली जादूगर को घरेलू ज़िंदगी कितनी कुंठाजनक और बोझिल लग रही होगी। मैं दुनिया की सैर का लुत्फ़ उठा रहा था। बहरहाल, एक साल लंबी यात्रा के अंत में मुझे यह दहशत भरी ख़बर मिली कि डम्बलडोर परिवार में एक और हादसा हो गया था। डम्बलडोर की बहन एरियाना भी चल बसी थी।

हालाँकि एरियाना काफ़ी समय से बीमार थी, लेकिन माँ के बाद उसके भी दुनिया से चले जाने से दोनों भाइयों पर गहरा प्रभाव पड़ा। एल्बस के सबसे क़रीबी लोग – और मैं ख़ुद को उन ख़ुशनसीब लोगों में गिनता हूँ – सहमत हैं कि एरियाना की मौत और इस बारे में एल्बस के व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी के एहसास (हालाँकि ज़ाहिर है, इसमें उनकी कोई ग़लती नहीं थी) ने उन पर अमिट छाप छोड़ी।

लौटने पर मुझे एक ऐसा युवक दिखा, जो अपनी उम्र से कहीं ज़्यादा दुख झेल चुका था। एल्बस पहले से ज़्यादा गंभीर हो गए थे। उनकी बातों से हँसी-मज़ाक़ ग़ायब हो चुका था। उनका दुख इस बात से और भी बढ़ गया कि एरियाना की मौत से दोनों भाइयों के संबंध प्रगाढ़ होने के बजाय टूट गए। (आगे चलकर यह दरार भर गई – बाद के वर्षों में उनका रिश्ता दोबारा ठीक हो गया। हालाँकि इसे प्रगाढ़ तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन निश्चित रूप से यह सामंजस्यपूर्ण तो था ही।) बहरहाल, उसके बाद डम्बलडोर अपने माता-पिता या एरियाना के बारे में बहुत कम बातें करते थे और उनके दोस्तों ने भी उनके परिवार का ज़िक्र करना छोड़ दिया।

इसके बाद के वर्षों की विजय यात्रा के वर्णन का काम मैं दूसरे लोगों पर छोड़ता हूँ। जादूगरों के ज्ञान के क्षेत्र में डम्बलडोर के असंख्य योगदान भावी पीढ़ियों को लाभ पहुँचाएँगे, जिनमें ड्रैगन के ख़ून के बारह प्रयोगों की उनकी खोज शामिल

*है। इसके अलावा जादूगर न्यायसभा के प्रमुख वारलॉक के रूप में उन्होंने अपने कई निर्णयों में असाधारण ज्ञान का परिचय दिया। आज भी लोग यह मानते हैं कि 1945 में डम्बलडोर और ग्रिन्डेलवाल्ड के बीच हुआ द्वंद्वयुद्ध अतुलनीय है। इसे देखने वालों ने लिखा है कि इन दोनों असाधारण जादूगरों को युद्ध करते देखकर उन्हें दहशत और आश्चर्यमिश्रित श्रद्धा का मिला-जुला एहसास हुआ। डम्बलडोर की विजय और जादूगरों की दुनिया पर पड़े इसके परिणामों को जादूगरों के इतिहास का एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जाता है - गोपनीयता के राष्ट्रीय अधिनियम या तुम-जानते-हो-कौन के पतन की ही तरह।*

*एल्बस डम्बलडोर कभी घमंडी या बड़बोले नहीं रहे। वे हर व्यक्ति में अच्छे गुण खोज सकते थे, चाहे वह कितना ही महत्वहीन या दीन-हीन दिख रहा हो। मेरा मानना है कि शुरुआती झटकों के कारण वे बहुत मानवीय और सहानुभूतिपूर्ण बन गए थे। मुझे उनकी कमी कितनी खलेगी, यह मैं शब्दों में बयान नहीं कर सकता, लेकिन मेरी क्षति जादूगर संसार को हुई क्षति की तुलना में कुछ भी नहीं है। इस बारे में कोई सवाल ही नहीं किया जा सकता कि वे हॉगवर्ट्स के सबसे प्रेरक और लोकप्रिय हेडमास्टर थे। वे उसी तरह मरे, जिस तरह वे हमेशा जिए थे : बहुसंख्यक लोगों की भलाई करते हुए। आख़िरी समय तक वे दीन-दुखियों की तरफ़ मदद का हाथ बढ़ाने के उतने ही इच्छुक थे, जितना मुझसे पहली मुलाक़ात वाले दिन वे ड्रैगन पॉक्स के शिकार छोटे बच्चे की ओर हाथ बढ़ाने के इच्छुक थे।*

हैरी ने पढ़ना ख़त्म कर दिया, लेकिन श्रद्धांजलि के साथ छपी तस्वीर को निहारता रहा। डम्बलडोर के चेहरे पर जानी-पहचानी, प्यारी मुस्कान थी, लेकिन जब वे अपने आधे चाँद के आकार के चश्मे के ऊपर से झाँके, तो हैरी को लगा, जैसे वे उसका एक्स-रे कर रहे हों।

हैरी को लगता था कि वह डम्बलडोर को बहुत अच्छी तरह जानता है, लेकिन इस श्रद्धांजलि को पढ़ने के बाद उसे यह मानना पड़ा कि वह उन्हें बिलकुल भी नहीं जानता था। एक बार भी उसने बच्चे या जवान डम्बलडोर की कल्पना नहीं की थी। उसे लगता था, वे हमेशा ऐसे ही रहे

होंगे – सफ़ेद बालों वाले, सम्मानजनक और बूढ़े। किशोर डम्बलडोर की कल्पना करना उतना ही अजीब था, जितना मूर्ख हर्माइनी या दोस्ताना विस्फोटक अग्निडंक की कल्पना करना।

उसके मन में कभी डम्बलडोर से उनके अतीत के बारे में पूछने का ख़्याल ही नहीं आया था। बेशक उसका पूछना अजीब और उद्दंडतापूर्ण लगता, लेकिन आख़िर सभी जानते थे कि डम्बलडोर ने ऐतिहासिक द्वंद्वयुद्ध में ग्रिन्डेलवाल्ड को हराया था, फिर भी हैरी ने डम्बलडोर से इसके बारे में कभी कुछ नहीं पूछा था। उसने उनके बाक़ी मशहूर कारनामों के बारे में भी कभी सवाल नहीं किया था। नहीं, डम्बलडोर और हैरी ने तो हमेशा हैरी, हैरी के अतीत, हैरी के भविष्य, हैरी की योजनाओं के बारे में बातचीत की थी ... तथा अब हैरी को ऐसा लग रहा था कि उसके भविष्य के इतने ख़तरनाक तथा अनिश्चित होने के बावजूद वह कई ऐसे अवसर चूक गया था, जब वह डम्बलडोर से उनके बारे में ज़्यादा जानकारी हासिल कर सकता था। उसने अपने हेडमास्टर से ज़िंदगी में सिर्फ़ एक ही व्यक्तिगत सवाल पूछा था और उसका अंदाज़ा था कि डम्बलडोर ने उसका जवाब ईमानदारी से नहीं दिया था :

*'जब आप दर्पण में देखते हैं, तो आपको क्या दिखता है ?'*

*'मुझे ? मैं देखता हूँ कि मेरे हाथ में मोटे ऊनी मोज़े हैं।'*

कुछ पलों तक ख़्यालों में खोए रहने के बाद हैरी ने *दैनिक जादूगर* में छपी उस श्रद्धांजलि को काटकर सावधानी से तह किया और उसे *व्यावहारिक सुरक्षात्मक जादू और गुप्त कलाओं के विरुद्ध उसके प्रयोग* पुस्तक में रख लिया। फिर उसने बाक़ी बचा अख़बार कचरे के ढेर में फेंक दिया और कमरे की तरफ़ देखने लगा। अब यह काफ़ी साफ़ दिख रहा था। सिर्फ़ दो ही चीज़ें क़रीने से नहीं जमी थीं – आज का *दैनिक जादूगर*, जो अब भी पलंग पर पड़ा था और उसके ऊपर रखा टूटे आईने का टुकड़ा।

हैरी ने पलंग के पास जाकर आईने के टुकड़े को अख़बार पर से हटाकर *अख़बार* खोला। सुबह उल्लू से अख़बार लेते समय उसने सिर्फ़ हेडलाइन देखकर ही अख़बार एक तरफ़ फेंक दिया था, क्योंकि हेडलाइन में वोल्डेमॉर्ट के बारे में कुछ नहीं छपा था। हैरी को पूरा यक़ीन था कि मंत्रालय वोल्डेमॉर्ट की ख़बरें न छापने के लिए *दैनिक जादूगर* पर दबाव डाल रहा होगा। यही वजह थी कि वह इस ख़बर को नहीं देख पाया था।

पहले पेज के नीचे वाले आधे हिस्से में डम्बलडोर की तस्वीर थी।

डम्बलडोर थोड़ी उलझन में दिख रहे थे और तस्वीर के ऊपर हेडलाइन थी :
***डम्बलडोर – आख़िर सच्चाई पता चल ही गई ?***

*अगले सप्ताह उस दोषपूर्ण जादूगर की सनसनीख़ेज़ कहानी प्रकाशित हो रही है, जिसे कई लोग उनकी पीढ़ी का महानतम जादूगर मानते हैं। इस जीवनी में रीटा स्कीटर डम्बलडोर की शांत, सौम्य बुद्धिमत्ता वाली लोकप्रिय छवि की बखिया उधेड़कर उनके उथल-पुथल भरे बचपन, दिग्भ्रमित युवावस्था, द्वेषों और स्याह रहस्यों का ख़ुलासा करती हैं। जब वे जादू मंत्री बन सकते थे, तो फिर वे सिर्फ़ हेडमास्टर बनकर ही* ***क्यों*** *संतुष्ट रहे ? मायापंछी का समूह नाम के ख़ुफ़िया संगठन का असली मक़सद* ***क्या*** *था ? डम्बलडोर की मौत की हक़ीक़त* ***क्या*** *थी ?*

*इन जैसे बहुत से सवालों के जवाब आपको इस नई हंगामाख़ेज़ जीवनी में मिलेंगे, जिसका शीर्षक है* एल्बस डम्बलडोर का जीवन और झूठ का सिलसिला। *इस जीवनी की लेखिका रीटा स्कीटर से बेट्टी ब्रेथवेट का एक्सक्लूसिव इंटरव्यू, पेज 13 पर।*

हैरी ने अख़बार के पन्ने तेज़ी से पलटे और पेज 13 पर पहुँच गया। लेख में ऊपर एक और जानी-पहचानी तस्वीर थी : एक महिला, जो रत्नजड़ित चश्मा पहने थी, जिसके बाल घुँघराले तथा सुनहरे थे, जिसके दाँत दिख रहे थे और जो विजयी अंदाज़ में मुस्कराती हुई उँगलियों से उसकी ओर इशारा कर रही थी। इस भयानक छवि को नज़रअंदाज़ करने की पूरी कोशिश करते हुए हैरी पढ़ने लगा।

*रीटा स्कीटर का व्यक्तित्व बहुत ही भावुक और दयालु है, जो भंडाफोड़ करने वाली उनकी मशहूर छवि से मेल नहीं खाता है। अपने आरामदेह घर के हॉल में मेरा स्वागत करते हुए वे मुझे एक कप चाय, केक और नवीनतम गपशप के लिए सीधे किचन में ले गईं।*

*रीटा स्कीटर ने कहा, 'ज़ाहिर है, डम्बलडोर हर जीवनी-लेखक के लिए वरदान हैं। इतना लंबा और घटनापूर्ण जीवन! मुझे पूरा यक़ीन है कि मेरी पुस्तक के बाद भी उनकी बहुत सी जीवनियाँ प्रकाशित होंगी।'*

स्कीटर ने निश्चित रूप से यह काम बहुत फ़ुर्ती से किया है। डम्बलडोर की जून में हुई रहस्यमयी मौत के सिर्फ़ चार हफ़्ते बाद ही उनकी नौ सौ पेज की पुस्तक पूरी हो गई। मैंने स्कीटर से पूछा कि उन्होंने यह काम इतनी तेज़ी से कैसे कर लिया।

'ओह, अगर आप इतने लंबे समय से पत्रकार हों, जितनी कि मैं हूँ, तो डेडलाइन पर काम पूरा करना आदत बन जाता है। मैं जानती थी कि जादूगर दुनिया डम्बलडोर की पूरी कहानी जानने के लिए बेताब है और मैं इस आवश्यकता को पूरी करने वाली पहली लेखिका बनना चाहती थी।'

इस पर मैंने जादूगर न्यायसभा के विशेष सलाहकार और एल्बस डम्बलडोर के पुराने मित्र एल्फ़ियस डोज की बहुप्रचारित टिप्पणी का ज़िक्र किया, जिसमें उन्होंने इस जीवनी के बारे में कहा है, 'स्कीटर की पुस्तक में चॉकलेट मेंढक कार्ड से भी कम सच्चाई है।'

स्कीटर सिर झटककर हँस दीं।

'बेचारा डॉजी! मुझे याद है कि कुछ साल पहले मैंने जलमानुषों के हक़ों के बारे में उसका इंटरव्यू लिया था। वह सठिया चुका है। उसे लग रहा था कि हम विंडरमियर झील की तलहटी में बैठे थे। मुझे बार-बार ट्राउट से सावधान करता रहा।'

एल्फ़ियस डोज जैसी बात कई और लोगों ने भी कही है कि इस पुस्तक में ज़्यादा दम नहीं है। क्या स्कीटर को यह नहीं लगता कि डम्बलडोर के लंबे और असाधारण जीवन की पूरी तस्वीर हासिल करने के लिए सिर्फ़ चार हफ़्ते का समय बहुत कम है?

स्कीटर मुस्कराते हुए और प्यार से अपनी उँगलियाँ टेबल पर बजाते हुए कहती हैं, 'देखिए, आप और मैं दोनों ही अच्छी तरह जानते हैं कि गैलियनों से भरे मोटे थैले, "नहीं" शब्द को सुनने की अनिच्छा और अच्छी तीव्र-कथन क़लम के इस्तेमाल से लोगों से कितनी ज़्यादा जानकारी उगलवाई जा सकती है! वैसे लोग डम्बलडोर पर कीचड़ उछालने के लिए लाइन लगाए खड़े थे। जानते हैं, हर कोई उन्हें महान नहीं मानता है – उन्होंने

बहुत से महत्त्वपूर्ण लोगों को अपना दुश्मन बना लिया था। लेकिन डोज को हवाई-गरुड़अश्व से नीचे उतर आना चाहिए, क्योंकि मैंने एक ऐसे सूत्र से जानकारी उगलवा ली है, जिसके लिए ज़्यादातर पत्रकार अपनी छड़ी देने तक को तैयार हो जाएँगे। इस सूत्र ने पहले कभी सार्वजनिक बयान नहीं दिया है, हालाँकि वह डम्बलडोर की युवावस्था के सबसे उथल-पुथल भरे और गड़बड़झाले वाले दौर में उनके क़रीब रही थी।'

स्कीटर की जीवनी के पूर्व-प्रचार से यह स्पष्ट है कि जो लोग डम्बलडोर के जीवन को बेदाग़ मानते हैं, उन्हें इसमें बहुत सी सदमे भरी ख़बरें मिलने वाली हैं। मैंने उनसे पूछा कि इस जीवनी में सबसे आश्चर्यजनक भंडाफोड़ कौन से हैं।

स्कीटर ने हँसते हुए कहा, 'छोड़ो भी बेट्टी, मैं अपनी पुस्तक की सारी बातें नहीं बताने वाली, वरना पुस्तक कौन ख़रीदेगा! लेकिन मैं इतना वादा ज़रूर करती हूँ कि जो लोग डम्बलडोर के जीवन को उनकी दाढ़ी की तरह पाक़-साफ़ मानते हैं, उन्हें नींद से जाग जाना चाहिए! मैं इतना ज़रूर बता देती हूँ, तुम-जानते-हो-कौन के ख़िलाफ़ उनकी जोशीली बातें सुनने वाला कोई व्यक्ति सपने में भी नहीं सोच सकता था कि अपनी जवानी में उन्होंने भी गुप्त कलाओं में हाथ-पैर मारे थे! जिस जादूगर ने बुढ़ापे में सहनशीलता की वकालत की, युवावस्था में उसकी मानसिकता कोई ख़ास उदार नहीं थी! जी हाँ, एल्बस डम्बलडोर का अतीत बहुत दाग़दार था और उनका परिवार बड़ा अजीब था। वैसे इन बातों को छिपाने की उन्होंने काफ़ी कोशिश की थी।'

मैंने पूछा कि क्या स्कीटर का इशारा डम्बलडोर के भाई एबरफ़ोर्थ की तरफ़ था, जिसे न्यायसभा ने पंद्रह साल पहले जादू के दुरुपयोग के लिए सज़ा दी थी और जिससे छुटपुट सनसनी फैली थी।

'ओह, एबरफ़ोर्थ तो गोबर के ढेर का सिर्फ़ ऊपरी हिस्सा है,' स्कीटर ने हँसते हुए कहा। 'नहीं, नहीं, बकरियों पर जादू करने वाले दीवाने भाई से ज़्यादा बुरी बात है, मगलू-विरोधी पिता से भी ज़्यादा बुरी बात है – हालाँकि डम्बलडोर इन दोनों को भी गोपनीय नहीं रख पाए और न्यायसभा ने दोनों को

सज़ा दी। नहीं, मैं तो उनकी माँ और बहन को लेकर उलझन में थी। थोड़ी छानबीन करने पर वहाँ मुझे बुराई का घोंसला मिला – लेकिन, जैसा कि मैंने कहा है, विस्तृत जानकारी के लिए आपको इस पुस्तक के अध्याय नौ से अध्याय बारह तक पढ़ने का इंतज़ार करना होगा। इस वक़्त तो मैं इतना ही कह सकती हूँ कि इस बात में कोई आश्चर्य नहीं कि डम्बलडोर ने कभी यह क्यों नहीं बताया कि उनकी नाक कैसे टूटी।'

परिवार के गड़े-मुर्दे उखाड़ने के अलावा क्या स्कीटर डम्बलडोर की प्रतिभा को नकारती हैं; आख़िर उन्होंने इतनी महत्त्वपूर्ण जादुई खोजें की हैं ?

'उनमें दिमाग़ तो था,' स्कीटर ने स्वीकार किया, 'हालाँकि कई लोग अब सवाल करते हैं कि क्या उन्हें उनकी तमाम तथाकथित उपलब्धियों का सचमुच पूरा श्रेय मिलना चाहिए। जैसा कि मैंने अध्याय सोलह में ख़ुलासा किया है, आइवर डिलॉन्सबाई का दावा है कि ड्रैगन के ख़ून के आठ उपयोग उसने पहले ही खोज लिए थे और उसकी ग़लती यह थी कि उसने अपना शोधपत्र डम्बलडोर को "पढ़ने को" दे दिया था।'

मैंने कहा, लेकिन डम्बलडोर की कुछ उपलब्धियों के महत्त्व को नकारा नहीं जा सकता। जैसे, ग्रिन्डेलवाल्ड की मशहूर पराजय ?

स्कीटर ने खुलकर मुस्कराते हुए कहा, 'ओह, मुझे ख़ुशी है कि आपने ग्रिन्डेलवाल्ड का ज़िक्र कर दिया। मुझे डर है कि डम्बलडोर की भव्य विजय पर जिन लोगों की आँखें ख़ुशी से नम हो जाती होंगी, उन्हें बम के धमाके के लिए तैयार हो जाना चाहिए – या शायद गोबर बम के धमाके के लिए। बहुत ही घटिया झमेला था। मैं यहाँ बस इतना ही कहूँगी, दरअसल कोई ज़बर्दस्त द्वंद्वयुद्ध हुआ ही नहीं था। मेरी पुस्तक पढ़ने के बाद लोग इस नतीजे पर पहुँचने के लिए विवश होंगे कि ग्रिन्डेलवाल्ड ने अपनी छड़ी की नोक से एक सफ़ेद रूमाल निकाला था और चुपचाप हार मान ली थी!'

स्कीटर ने इस दिलचस्प विषय पर आगे कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। हमने बात उस विषय की ओर मोड़ दी, जो उनके पाठकों को बेशक बाक़ी मुद्दों से ज़्यादा रोचक लगेगा।

स्कीटर ने तेज़ी से सिर हिलाते हुए कहा, 'ओह हाँ, मैंने पॉटर-डम्बलडोर संबंध पर एक पूरा अध्याय लिखा है। बहुत से लोग उनके संबंध को अस्वस्थ, यहाँ तक कि भयानक भी मानते हैं। एक बार फिर, पूरी कहानी जानने के लिए पाठकों को मेरी पुस्तक ख़रीदनी होगी, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि डम्बलडोर ने शुरू से ही पॉटर में अस्वाभाविक रुचि ली। मुद्दे की बात यह है कि क्या यह उस लड़के के हित में था। ज़ाहिर है, हम सभी जानते हैं कि पॉटर ने किशोरावस्था में काफ़ी मुश्किलें झेली हैं।'

मैंने स्कीटर से पूछा कि क्या वे अब भी हैरी पॉटर के संपर्क में हैं, जिसका चर्चित इंटरव्यू उन्होंने पिछले साल लिया था : जिसमें पॉटर ने पहली बार खुलासा किया था कि तुम-जानते-हो-कौन लौट आया है।

'ओह हाँ, हमारे बीच बहुत क़रीबी संबंध है,' स्कीटर कहती हैं। 'बेचारे पॉटर के बहुत कम सच्चे दोस्त रहे हैं और हमारी मुलाक़ात उसके जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण समय में हुई थी - जादूगरी का त्रिकोणीय टूर्नामेंट। मैं शायद उन चुनिंदा जीवित लोगों में से हूँ, जो यह दावा कर सकते हैं कि वे असली हैरी पॉटर को जानते हैं।'

इसके बाद हमने उन अफ़वाहों के बारे में बातें कीं, जो डम्बलडोर के आख़िरी घंटों के बारे में फैली हुई हैं। क्या स्कीटर का मानना है कि डम्बलडोर की मौत के वक़्त पॉटर वहीं था?

'देखिए, मैं ज़्यादा कुछ नहीं कहना चाहती - सब कुछ पुस्तक में बताया गया है - लेकिन हॉगवर्ट्स महल के भीतर के गवाहों ने डम्बलडोर के गिरने, कूदने या धक्का खाने के बाद पॉटर को वहाँ से भागते हुए देखा था। बाद में पॉटर ने सीवियरस स्नेप के ख़िलाफ़ बयान दिया था, जिससे उसकी पुरानी दुश्मनी थी। क्या पॉटर की बात सच है? यह फ़ैसला करना जादूगर समुदाय के हाथ में है - मेरी पुस्तक पढ़ने के बाद।'

इस दिलचस्प मोड़ पर मैंने स्कीटर से विदा ली। इसमें कोई शक नहीं कि उन्होंने एक बेस्टसेलर पुस्तक लिख डाली है। इस वक़्त डम्बलडोर के बड़ी संख्या में मौजूद प्रशंसक यह सोच-सोच

*कर काँप रहे होंगे कि इसमें उनके प्रिय हीरो के बारे में जाने क्या भंडाफोड़ होने वाले हैं।*

लेख पूरा पढ़ने के बाद भी हैरी सूनी आँखों से अख़बार के पन्ने को घूरता रहा। उसके भीतर हिक़ारत और ग़ुस्सा उबलने लगा। उसने अख़बार को मुट्ठी में मरोड़कर गोल किया और पूरी ताक़त से दीवार पर फेंक दिया, जहाँ यह लबालब भरे कूड़ेदान के बाक़ी कूड़े में शामिल हो गया।

वह अंधों की तरह कमरे में आगे बढ़ा। उसने कई ड्रॉअर खोलकर पुस्तकें निकालीं और वापस वहीं रख दीं। उसे ज़रा भी पता नहीं था कि वह क्या कर रहा है। उसके दिमाग़ में तो बस रीटा के लेख के वाक्य गूँज रहे थे : *पॉटर-डम्बलडोर संबंध पर एक पूरा अध्याय... बहुत से लोग उनके संबंध को अस्वस्थ, यहाँ तक कि भयानक भी मानते हैं ... जवानी में उन्होंने भी गुप्त कलाओं में हाथ-पैर मारे थे ... मैंने एक ऐसे सूत्र से जानकारी उगलवा ली है, जिसके लिए ज़्यादातर पत्रकार अपनी छड़ी देने तक को तैयार हो जाएँगे ...*

'झूठ!' हैरी चिल्लाया और उसने खिड़की से अपने पड़ोसी को देखा, जो अपने लॉनमोअर को दोबारा चालू करने के लिए रुक गया था तथा घबराकर ऊपर देख रहा था।

हैरी धम्म से अपने पलंग पर बैठ गया। आईने का टूटा हुआ टुकड़ा उससे दूर उछल गया। उसने उसे दोबारा उठाया और अपनी उँगलियों में घुमाने लगा। वह डम्बलडोर के बारे में सोच रहा था और उन झूठों के बारे में, जिनसे रीटा स्कीटर उन्हें बदनाम कर रही थी ...

एक नीली झलक। हैरी ठिठक गया और उसकी कटी हुई उँगली एक बार फिर आईने की नुकीली नोक पर फिसली। उसे वहम हुआ होगा, हाँ, ज़रूर यही हुआ होगा। उसने पीछे पलटकर देखा, लेकिन दीवार पेटूनिया आंटी के चुने हुए पीच रंग की थी। वहाँ ऐसी कोई चीज़ नहीं थी, जिससे आईने में नीली झलक दिख सके। उसने आईने के टुकड़े में दोबारा देखा, लेकिन उसे अपनी चमकती हरी आँख के सिवाय कुछ दिखाई नहीं दिया।

उसे ज़रूर वहम हुआ होगा। और कुछ हो ही नहीं सकता। इसलिए वहम ही हुआ होगा, क्योंकि वह अपने मृत हेडमास्टर के बारे में सोच रहा था। अगर यक़ीन के साथ कुछ कहा जा सकता था, तो वह यह था कि एल्बस डम्बलडोर की चमकती नीली आँखें उसे दोबारा कभी नहीं दिखेंगी।

## अध्याय तीन

# डर्स्ली परिवार की विदाई

घर के सामने वाले दरवाज़े के धाड़ से खुलने की आवाज़ सीढ़ियों के ऊपर तक गूँजी और इसके ठीक बाद कोई चिल्लाया, 'ओए! तुम!'

सोलह साल तक इस तरह बुलाए जाने के बाद हैरी को ज़रा भी शक नहीं था कि उसके अंकल उसे ही आवाज़ लगा रहे हैं। बहरहाल, उसने तत्काल प्रतिक्रिया नहीं की। वह अब भी आईने के उस टुकड़े को घूरे जा रहा था, जिसमें उसके ख़्याल से उसे एक पल के लिए डम्बलडोर की आँख की झलक दिखी थी। हैरी तब तक टस से मस नहीं हुआ, जब तक उसके अंकल ने गरजकर **'लड़के!'** नहीं कहा। फिर वह धीरे से खड़ा हुआ और बेडरूम के दरवाज़े की तरफ़ बढ़ा। बीच में उसने आईने के टुकड़े को उस बैग में रख लिया, जिसे वह ले जाने वाला था।

'काफ़ी देर लगा दी!' वरनॉन डर्स्ली गरजे, जब हैरी सीढ़ियों के ऊपर प्रकट हुआ। 'नीचे आओ, मुझे तुमसे कुछ बात करनी है!'

हैरी धीरे-धीरे नीचे पहुँचा। उसके हाथ जीन्स की जेब में थे। लिविंग रूम में पहुँचने पर उसने देखा कि डर्स्ली परिवार के तीनों सदस्य वहाँ मौजूद थे। उन्होंने सफ़र वाली पोशाक पहन रखी थी : वरनॉन अंकल ऊपर तक ज़िप लगी जैकेट पहने थे, पेटूनिया आंटी ने चमकीले रंग का कोट डाल रखा था और हैरी का विशालकाय, सुनहरे बालों तथा मांसपेशियों वाला मौसेरा भाई डडली लेदर जैकेट पहने हुए था।

'हाँ ?' हैरी ने पूछा।

'बैठ जाओ!' वरनॉन अंकल ने कहा। हैरी ने अपनी भौंहें चढ़ा लीं। 'प्लीज़!' वरनॉन अंकल ने आगे कहा और धीरे से चिहुँके, जैसे निकलते

समय यह शब्द उनके गले में चुभा हो।

हैरी बैठ गया। उसे अंदाज़ा था कि आगे क्या कहा जाएगा। उसके अंकल तेज़ी से चहलक़दमी करने लगे और पेटूनिया आंटी तथा डडली तनाव भरे अंदाज़ में उन्हें देखते रहे। आख़िरकार, वरनॉन अंकल का बड़ा बैंगनी चेहरा एकाग्रता से सिकुड़ गया और वे हैरी के सामने रुक गए।

उन्होंने कहा, 'मैंने अपना इरादा बदल लिया है।'

'कितनी हैरानी की बात है!' हैरी व्यंग्यात्मक अंदाज़ में बोला।

'अपने अंकल से इस तरह बात मत करो –' पेटूनिया आंटी तीखी आवाज़ में बोलने लगीं, लेकिन वरनॉन डर्स्ली ने अपना हाथ उठाकर उन्हें रोक दिया।

'यह सब बकवास है,' वरनॉन अंकल ने सुअर जैसी छोटी आँखों से हैरी को ग़ुस्से से घूरते हुए कहा। 'मैंने तय कर लिया है कि इसके एक शब्द पर भी यक़ीन नहीं करूँगा। हम लोग यहीं रहेंगे, कहीं नहीं जाएँगे।'

हैरी ने अपने अंकल की तरफ़ देखा। उसे चिढ़ भी छूट रही थी और हँसी भी आ रही थी। पिछले चार हफ़्तों से वरनॉन अंकल हर चौबीस घंटे में अपना इरादा बदल रहे थे और इरादा बदलने के साथ ही हर बार सामान कार में रख या निकाल रहे थे। हैरी का प्रिय पल वह था, जब वरनॉन अंकल ने डडली के बैग को झुलाकर डिग्गी में रखने की कोशिश की थी, लेकिन चूँकि उन्हें यह पता नहीं था कि डडली ने उसमें अपने डम्बल्स रख दिए हैं, इसलिए डम्बल्स उनके पैरों पर गिर गए और वे दर्द से चिल्लाते हुए गालियाँ देने लगे थे।

'तुम्हारे मुताबिक़,' वरनॉन डर्स्ली ने कहा और लिविंग रूम में दोबारा चहलक़दमी करने लगे, 'हम – पेटूनिया, डडली और मैं – ख़तरे में हैं ... तुम्हारे जैसे – तुम्हारे जैसे –'

'हाँ, "मेरे जैसे लोगों" से, सही कहा,' हैरी बोला।

'देखो, मुझे इस बात पर भरोसा नहीं है,' वरनॉन अंकल ने हैरी के सामने रुकते हुए कहा। 'मैं आधी रात तक इस सबके बारे में सोचता रहा और मैं इस नतीजे पर पहुँचा हूँ कि यह घर हथियाने की साज़िश है।'

'घर,' हैरी ने दोहराया। 'कौन सा घर ?'

'*यह* घर!' वरनॉन अंकल चीख़े और उनके माथे की नस फड़कने लगी। '*हमारा* घर! इस इलाक़े में मकान की क़ीमतें आसमान छू रही हैं! तुम हमें रास्ते से हटाना चाहते हो, ताकि उल्टी-सीधी हरकतें करके सारी

जायदाद अपने नाम करवा लो और -'

'आपका दिमाग़ तो नहीं सरक गया ?' हैरी ने कहा। 'इस मकान को हथियाने की साज़िश ? क्या आप सचमुच इतने मूर्ख हैं ?'

'तुम्हारी यह ज़ुर्रत -!' पेटूनिया आंटी चिंघाड़ीं, लेकिन वरनॉन अंकल ने एक बार फिर उन्हें चुप करा दिया। उनकी नज़र में उनकी बुद्धि पर होने वाला हमला उस ख़तरे की तुलना में कुछ भी नहीं था, जिसकी ओर उन्होंने इशारा किया था।

'और अगर आप भूल गए हों,' हैरी ने कहा, 'तो मैं आपको बता दूँ कि मेरे पास पहले से ही एक मकान है, जिसे मेरे गॉडफ़ादर ने मेरे नाम छोड़ा है। फिर मैं इस मकान पर क़ब्ज़ा क्यों करना चाहूँगा ? सुखद यादों के कारण ?'

ख़ामोशी छा गई। हैरी को लगा कि उसके अंकल इस तर्क से प्रभावित हो गए थे।

वरनॉन अंकल ने दोबारा चहलक़दमी शुरू करते हुए कहा, 'तुम्हारा दावा है कि यह लॉर्ड नाम का आदमी -'

'वोल्डेमॉर्ट,' हैरी ने अधीरता से कहा, 'और हम ये बातें पहले भी कम से कम सौ बार कर चुके हैं। यह कोई दावा नहीं है, यह तो सच्चाई है। डम्बलडोर ने पिछले साल आपको यह बात बताई थी और किंग्सले तथा मिस्टर वीज़्ली -'

वरनॉन डर्स्ली ने ग़ुस्से से अपने कंधे झुका लिए। हैरी समझ गया कि उसके अंकल क्या सोच रहे होंगे। गर्मी की छुट्टियाँ शुरू होने के कुछ समय बाद दो वयस्क जादूगर वरनॉन अंकल से मिलने आए थे और अंकल उसी घटना को भुलाने की कोशिश कर रहे होंगे। किंग्सले शैकलबोल्ट और आर्थर वीज़्ली का उनके दरवाज़े की चौखट पर क़दम रखना डर्स्ली दंपति के लिए बहुत ही अप्रिय झटका था। बहरहाल, हैरी को मानना पड़ा कि चूँकि मिस्टर वीज़्ली एक बार आधे लिविंग रूम को तहस-नहस कर चुके थे, इसलिए उन्हें देखकर वरनॉन अंकल के ख़ुश होने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी।

'- किंग्सले और मिस्टर वीज़्ली ने इसका बहुत अच्छा उपाय बताया है,' हैरी ने बिना किसी अफ़सोस के आगे कहा। 'जब मैं सत्रह साल का हो जाऊँगा, तो मुझे बचाने वाले सुरक्षात्मक सम्मोहन का असर ख़त्म हो जाएगा और इससे मेरे साथ-साथ आप भी ख़तरे में पड़ जाएँगे। मायापंछी

के समूह को यक़ीन है कि वोल्डेमॉर्ट आपको निशाना बनाएगा। वह या तो आपको यातना देकर मेरा पता-ठिकाना मालूम करने की कोशिश करेगा, या फिर वह आपको यह सोचकर बंधक बना लेगा कि मैं आकर आपको बचाने की कोशिश करूँगा।'

वरनॉन अंकल और हैरी की नज़रें मिलीं। हैरी को यक़ीन था कि उस पल वे दोनों एक ही बात सोच रहे थे। फिर वरनॉन अंकल टहलने लगे और हैरी ने आगे कहा, 'आपको छिपना पड़ेगा और मायापंछी का समूह इस काम में आपकी मदद करना चाहता है। आपको बहुत अच्छी सुरक्षा दी जा रही है, सबसे अच्छी सुरक्षा।'

वरनॉन अंकल कुछ नहीं बोले, बल्कि लगातार चहलक़दमी करते रहे। बाहर प्रिविट ड्राइव की हेजों के ऊपर सूरज नीचे झुक रहा था। पड़ोसी का लॉनमोअर एक बार फिर रुक गया।

वरनॉन डर्स्ली ने अचानक तेज़ी से पूछा, 'तुमने कहा था कि जादू मंत्रालय भी है?'

'हाँ है,' हैरी ने हैरानी से कहा।

'अच्छा, तो फिर मंत्रालय हमारी सुरक्षा क्यों नहीं कर सकता? मुझे लगता है कि निर्दोष होने के नाते हमें सरकारी सुरक्षा मिलनी चाहिए! आख़िर हमारा कसूर सिर्फ़ इतना ही तो है कि हमने एक ऐसे व्यक्ति को अपने घर रखा है, जो निशाने पर है।'

हैरी खुद को रोक नहीं पाया और हँस दिया। उसके अंकल हमेशा सरकार से उम्मीदें लगाते थे, भले ही यह उस दुनिया की सरकार हो, जिससे वे नफ़रत करते थे और जिस पर उन्हें भरोसा नहीं था।

'आपने मिस्टर वीज़्ली और किंग्सले की बातें नहीं सुनीं?' हैरी ने जवाब दिया। 'हमें लगता है कि दुश्मन मंत्रालय में घुसपैठ कर चुका है।'

वरनॉन अंकल अँगीठी तक गए और वहाँ से लौटते समय इतनी गहरी साँस छोड़ी कि उनकी बड़ी-बड़ी, काली मूँछें थरथराने लगीं। उनका चेहरा एकाग्रता के कारण अब भी बैंगनी था।

'ठीक है,' उन्होंने एक बार फिर हैरी के सामने रुकते हुए कहा। 'ठीक है, हम यह सुरक्षा स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। लेकिन हमें सुरक्षा के लिए वह किंग्सले नाम का आदमी क्यों नहीं मिल सकता?'

हैरी अपनी आँखें चढ़ाने से ख़ुद को बमुश्किल रोक पाया। वरनॉन अंकल यह सवाल आधा दर्जन बार पूछ चुके थे।

उसने दाँत भींचकर कहा, 'जैसा कि मैं आपको बता चुका हूँ, किंग्सले मगलू – मेरा मतलब है, आपके प्रधानमंत्री की रक्षा कर रहा है।'

'वही तो – वह सबसे अच्छा है!' वरनॉन अंकल ने ख़ाली टेलीविज़न स्क्रीन की तरफ़ इशारा करते हुए कहा। डर्स्ली दंपति ने किंग्सले को न्यूज़ में देखा था। किंग्सले मगलू प्रधानमंत्री के पीछे-पीछे चल रहा था, जब वे एक अस्पताल का दौरा कर रहे थे। इसके अलावा किंग्सले ने मगलुओं जैसे कपड़े पहनने में महारत हासिल कर ली थी और उसकी धीमी, गहरी आवाज़ में आश्वस्त करने वाला भाव था। परिणामस्वरूप डर्स्ली दंपति किंग्सले को इतना पसंद करने लगे, जितना उन्होंने कभी किसी जादूगर को नहीं किया था, हालाँकि यह सच था कि उन्होंने उसे कभी बाली पहने हुए नहीं देखा था।

'देखिए, वह तो मिल नहीं सकता है,' हैरी ने कहा। 'लेकिन हेस्टिया जोन्स और डीडेलस डिगल यह काम बहुत अच्छी तरह कर लेंगे –'

'अगर हमने उनका बायोडाटा देखा होता ...' वरनॉन अंकल ने बोलना शुरू किया, लेकिन हैरी का संयम जवाब दे गया। वह उठकर अपने अंकल के पास गया और टी.वी. सेट की तरफ़ इशारा करते हुए बोला।

'ये दुर्घटनाएँ दरअसल दुर्घटनाएँ नहीं हैं – कारों का टकराना, विस्फोट, ट्रेनों का पटरियों से उतरना और जो तमाम घटनाएँ हमने न्यूज़ में देखी हैं। लोग ग़ायब हो रहे हैं, मर रहे हैं और इस सबके पीछे है – वोल्डेमॉर्ट। मैं आपको यह बात पहले भी कई बार बता चुका हूँ कि उसे मगलुओं को मारने में मज़ा आता है। यहाँ तक कि कोहरा भी दमपिशाचों ने उत्पन्न किया है और अगर आपको वे याद नहीं हों, तो अपने बेटे से पूछ लें!'

डडली ने अपने हाथ मुँह पर रख लिए। फिर अपने माता-पिता और हैरी की निगाह ख़ुद पर टिकी देखकर उसने उन्हें धीरे-धीरे नीचे किया और पूछा, 'वे ... और भी हैं?'

'और?' हैरी हँसा। 'तुम्हारा मतलब है, जिन दो दमपिशाचों ने हम पर हमला किया था, उससे ज़्यादा? ज़ाहिर है, वे बहुत सारे हैं। सैकड़ों की तादाद में हैं, अब तक तो हज़ारों हो गए होंगे, क्योंकि उन्हें डर और निराशा से शक्ति मिलती है –'

'ठीक है, ठीक है,' वरनॉन डर्स्ली ने अक्खड़ लहज़े में कहा। 'तुम्हारी बात में दम लगता है –'

'मुझे भी ऐसा ही लगता है,' हैरी ने कहा, 'क्योंकि जैसे ही मैं सत्रह साल का होता हूँ, वे सभी – प्राणभक्षी, दमपिशाच, यहाँ तक कि सजीव-लाशें भी (यानी वे मुर्दा शरीर, जिन पर शैतानी जादूगर सम्मोहन कर देता है) – आपकी तलाश करेंगे और यक़ीनन आप पर हमला करेंगे। और अगर आपको याद हो कि आख़िरी बार जादूगरों से मुठभेड़ में आप किस तरह हारे थे, तो मुझे लगता है आप भी इस बात से सहमत होंगे कि आपको मदद की ज़रूरत है।'

थोड़ी देर ख़ामोशी छाई रही। इस दौरान वरनॉन अंकल याद कर रहे थे कि किस तरह हैग्रिड ने लकड़ी के सामने वाले दरवाज़े को तोड़ दिया था। पेटूनिया आंटी वरनॉन अंकल को देख रही थीं। डडली हैरी को घूर रहा था। आख़िर वरनॉन अंकल के मुँह से निकला, 'लेकिन मेरे ऑफ़िस का क्या होगा? डडली के स्कूल का क्या होगा? मुझे नहीं लगता कि ये चीज़ें हमलावर जादूगरों के लिए मायने रखती होंगी –'

'आप समझ क्यों नहीं रहे हैं?' हैरी चिल्लाया। *'वे आपको उसी तरह यातना देंगे और मार डालेंगे, जैसा उन्होंने मेरे मम्मी-डैडी के साथ किया था!'*

'डैडी,' डडली ऊँची आवाज़ में बोला, 'डैडी – मैं मायापंछी के समूह की सुरक्षा में जा रहा हूँ।'

'डडली,' हैरी बोला, 'तुमने ज़िंदगी में पहली बार समझदारी की बात कही है।'

वह जानता था कि किला फ़तह हो चुका है। अगर डडली इतना डर चुका है कि मायापंछी के समूह की सुरक्षा में रहना चाहता है, तो उसके माता-पिता भी उसके साथ जाएँगे। लाड़ले डडली से दूर रहने का सवाल ही नहीं उठता था। हैरी ने मैंटलपीस पर रखी घोड़ागाड़ी की डिज़ाइन वाली घड़ी पर निगाह डाली।

'वे लगभग पाँच मिनट में यहाँ आ जाएँगे,' उसने कहा और जब डर्स्ली परिवार के किसी सदस्य ने कोई जवाब नहीं दिया, तो वह कमरे से बाहर निकल गया। अपने अंकल-आंटी और कज़िन से – शायद हमेशा के लिए – विदा लेने के लिए वह ख़ुशी-ख़ुशी तैयार था, लेकिन माहौल काफ़ी अजीब था। सोलह साल की ठोस नापसंदगी के अंत में आप एक-दूसरे से क्या कह सकते हैं?

अपने बेडरूम में लौटने के बाद हैरी यूँ ही अपने बैग से खेलता रहा।

फिर उसने हेडविग के पिंजरे की छड़ों के बीच से कुछ आउल नट्स अंदर डाल दिए। वे हल्की खन्न के साथ तलहटी से टकराए, लेकिन हेडविग ने उनकी तरफ़ ध्यान नहीं दिया।

हैरी ने उसे पुचकारते हुए कहा, 'हम लोग जल्दी, बहुत जल्दी यहाँ से निकल रहे हैं। फिर तुम जी भर कर उड़ लेना।'

दरवाज़े की घंटी बजी। हैरी झिझका, फिर अपने कमरे से बाहर निकलकर नीचे की तरफ़ चल दिया। उसे भरोसा नहीं था कि हेस्टिया और डीडेलस अपने आप डर्स्ली दंपति से निबट पाएँगे।

जिस पल हैरी ने दरवाज़ा खोला, एक रोमांचित आवाज़ आई, 'हैरी पॉटर!' बैंगनी हैट पहने एक नाटे आदमी ने झुककर उसे सलाम किया। 'हमेशा की तरह सम्मान की बात है!'

'धन्यवाद, डीडेलस,' हैरी ने कहा और काले बालों वाली हेस्टिया को हल्के से मुस्कराकर देखा। 'बहुत अच्छी बात है कि आप लोग यह कर रहे हैं ... ये हैं मेरे अंकल-आंटी और कज़िन ...'

'हैरी पॉटर के रिश्तेदारों, आप सभी का दिन शुभ हो,' डीडेलस ने चहकते हुए कहा और लिविंग रूम में पहुँच गया। डर्स्ली दंपति इस संबोधन से ज़रा भी खुश नहीं हुए। हैरी ने सोचा, कहीं उन्होंने अपना इरादा फिर से तो नहीं बदल लिया। जादूगरनी और जादूगर को देखते ही डडली अपनी माँ के पास दुबक गया।

'मुझे दिख रहा है कि आपने सामान पैक कर लिया है और आप बिलकुल तैयार हैं। बहुत बढ़िया! जैसा कि हैरी आपको बता चुका है, योजना एकदम सीधी है,' डीडेलस ने कहा और अपने वेस्टकोट की जेब से एक बड़ी जेबी घड़ी निकालकर देखने लगा। 'हम लोग हैरी के जाने से पहले यहाँ से चल देंगे। आपके घर के भीतर जादू करना ख़तरनाक है, क्योंकि हैरी अब भी नाबालिग़ है, इसलिए इससे मंत्रालय को उसे गिरफ़्तार करने का बहाना मिल जाएगा। इसलिए हम लोग कार से दस-ग्यारह मील दूर पहुँचेंगे और वहाँ से अंतर्ध्यान होकर उस सुरक्षित जगह पहुँच जाएँगे, जो हमने आपके रहने के लिए चुनी है। मुझे लगता है, आप कार चलाना तो जानते होंगे?' उसने वरनॉन अंकल से विनम्रता से पूछा।

'कार चलाना? ज़ाहिर है, बहुत अच्छी तरह जानता हूँ!' वरनॉन अंकल ने थूक उड़ाते हुए कहा।

'सर, आप बहुत समझदार हैं, बहुत ही समझदार। मैं तो इतने सारे

बटनों और डायलों से बिलकुल चकरा जाता,' डीडेलस ने कहा। वह वरनॉन डर्स्ली को ख़ुश करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उसके हर शब्द के साथ वरनॉन डर्स्ली का योजना पर से विश्वास उठता जा रहा था।

'कार तक नहीं चला सकता,' वे बहुत धीमे से बुदबुदाए और उनकी मूँछ आवेश में थरथराई, लेकिन सौभाग्य से डीडेलस या हेस्टिया ने उनकी बात नहीं सुनी।

डीडेलस ने आगे कहा, 'हैरी, तुम यहाँ अपने पहरेदारों का इंतज़ार करना। योजना थोड़ी बदल गई है –'

'आपका क्या मतलब है?' हैरी ने तुरंत पूछा। 'मैं सोच रहा था कि बावरे-नैन यहाँ आएँगे और मुझे साहचर्य-अंतर्ध्यान करके ले जाएँगे?'

'ऐसा नहीं कर सकते,' हेस्टिया ने संक्षेप में कहा। 'बावरे-नैन पूरी बात समझा देंगे।'

डर्स्ली दंपति के चेहरे पर नासमझी का स्पष्ट भाव था और वे चौंककर उछल पड़े, जब एक तेज़ आवाज़ आई : *'जल्दी करो!'* हैरी ने कमरे में चारों तरफ़ देखा, तब कहीं जाकर उसे एहसास हुआ कि यह आवाज़ डीडेलस की जेबी घड़ी में से आई थी।

'बिलकुल सही कहा, हमारे पास वक़्त बहुत कम है,' डीडेलस ने अपनी घड़ी की तरफ़ सिर झुकाकर उसे वापस अपने वेस्टकोट में रखते हुए कहा। 'हैरी, हम लोग कोशिश कर रहे हैं कि इस घर से तुम्हारे जाने और तुम्हारे परिवार के अंतर्ध्यान होने का समय एक ही हो, ताकि सम्मोहन तभी टूटे, जब पूरा परिवार सुरक्षित जगह के लिए रवाना हो।' वह डर्स्ली परिवार की ओर मुड़ा। 'तो, चलने के लिए तैयार हैं?'

किसी ने भी उसकी बात का जवाब नहीं दिया। वरनॉन अंकल अब भी दहशत से डीडेलस के वेस्टकोट की उभरी जेब को घूरे जा रहे थे।

'डीडेलस, शायद हमें हॉल में बाहर इंतज़ार करना चाहिए,' हेस्टिया बुदबुदाई। उसे स्पष्ट रूप से लग रहा था कि जब हैरी डर्स्ली परिवार से प्रेमपूर्ण, शायद आँसू भरी विदा लेगा, तो कमरे में रहना ठीक नहीं है।

'इसकी कोई ज़रूरत नहीं है,' हैरी बोला, लेकिन वरनॉन अंकल ने इस बात को अनावश्यक बनाते हुए ज़ोर से कहा, 'अच्छा, तो अलविदा, लड़के।'

उन्होंने हैरी से हाथ मिलाने के लिए अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाया, लेकिन आख़िरी मिनट पर यह काम उनसे नहीं हो पाया, इसलिए

उन्होंने अपनी मुट्ठी बाँध ली और उसे किसी पेंडुलम की तरह आगे-पीछे झुलाने लगे।

'तैयार, डिडी?' पेटूनिया आंटी ने पूछा और हैरी की तरफ़ देखने से बचने के लिए अपने हैंडबैग के बटन से खेलने लगीं।

डडली ने कोई जवाब नहीं दिया, बल्कि वहीं पर मुँह खोले खड़ा रहा। हैरी को बरबस ग्रॉप नाम के दानव की याद आ गई।

'तो फिर चलो,' वरनॉन अंकल बोले।

डडली लिविंग रूम के दरवाज़े तक पहुँचकर बुदबुदाया, 'मैं समझ नहीं पाया।'

'बेटा, क्या नहीं समझ पाए?' पेटूनिया आंटी ने अपने बेटे को निहारते हुए पूछा।

डडली ने हैरी की तरफ़ अपना बड़ा, मोटा हाथ उठाया।

'वह हमारे साथ क्यों नहीं चल रहा है?'

वरनॉन अंकल और पेटूनिया आंटी अपनी जगह पर स्थिर खड़े रह गए और डडली को ऐसे घूरने लगे, जैसे उसने अभी-अभी बैले डांसर बनने की इच्छा ज़ाहिर की हो।

'क्या?' वरनॉन अंकल ने ज़ोर से पूछा।

'वह हमारे साथ क्यों नहीं चल रहा है?' डडली ने पूछा।

'देखो, वह – वह नहीं चाहता है,' वरनॉन अंकल ने कहा और हैरी को ग़ुस्से से घूरते हुए पूछा, 'तुम नहीं चाहते हो, है ना?'

'बिलकुल नहीं,' हैरी ने कहा।

'देखा,' वरनॉन अंकल ने डडली से कहा। 'अब चलो, हमें चलना चाहिए।'

वे तेज़ी से कमरे से बाहर निकल गए। सभी को सामने वाले दरवाज़े के खुलने की आवाज़ आई, लेकिन डडली हिला तक नहीं। कुछ अटकते क़दमों के बाद पेटूनिया आंटी भी रुक गईं।

'अब क्या हुआ?' वरनॉन अंकल चिल्लाए और दोबारा दरवाज़े पर नज़र आए।

ऐसा लग रहा था कि डडली के मन में ऐसे विचार आ रहे थे, जिन्हें वह शब्दों में नहीं कह पा रहा था। स्पष्ट रूप से मन ही मन कुछ पल

दर्दनाक संघर्ष करने के बाद वह बोला, 'लेकिन वह जा कहाँ रहा है?'

पेटूनिया आंटी और वरनॉन अंकल ने एक-दूसरे की तरफ़ देखा। यह स्पष्ट था कि डडली की बातों से उन्हें डर लग रहा था। हेस्टिया जोन्स ने ख़ामोशी तोड़ी।

उसने चकराते हुए पूछा, 'लेकिन ... बेशक आप जानते होंगे कि आपका भांजा कहाँ जा रहा है?'

'बेशक जानते हैं,' वरनॉन डर्स्ली ने कहा। 'वह आप जैसे लोगों के साथ जाएगा, है ना? ठीक है, डडली, चलो कार में चलते हैं। तुमने उस आदमी की बात सुनी थी ना, हमें जल्दी चलना चाहिए।'

एक बार फिर वरनॉन डर्स्ली सामने वाले दरवाज़े तक गए, लेकिन डडली उनके पीछे-पीछे नहीं गया।

'*हम* जैसे लोगों के साथ?'

हेस्टिया नाराज़ दिख रही थी। हैरी इस तरह की घटना पहले भी देख चुका था। जादूगर यह देखकर स्तब्ध रह जाते थे कि हैरी के सबसे क़रीबी रिश्तेदार मशहूर हैरी पॉटर में कितनी कम दिलचस्पी लेते हैं।

'ठीक है,' हैरी ने हेस्टिया को आश्वस्त किया। 'इससे सचमुच कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता है।'

'कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता है?' हेस्टिया ने दोहराया। उसकी आवाज़ ख़तरनाक तरीक़े से तेज़ होने लगी। 'क्या इन लोगों को एहसास नहीं है कि तुमने कितना कुछ झेला है? तुम कितने बड़े ख़तरे में हो? वोल्डेमॉर्ट-विरोधी अभियान में तुम्हारी कितनी बड़ी भूमिका है?'

'अर - नहीं, वे नहीं जानते हैं,' हैरी ने कहा। 'दरअसल, वे सोचते हैं कि मैं धरती पर बोझ हूँ, लेकिन मुझे इसकी आदत -'

'मैं नहीं सोचता हूँ कि तुम धरती पर बोझ हो।'

अगर हैरी ने डडली के होंठों को हिलते नहीं देखा होता, तो शायद उसे इस पर यक़ीन नहीं होता। ख़ैर, वह कई पल तक डडली को घूरता रहा, तब जाकर उसे तसल्ली हुई कि यह बात उसके कज़िन ने ही कही थी। डडली का चेहरा लाल हो गया था। हैरी ख़ुद हैरानी और उलझन में था।

'अर ... शुक्रिया, डडली।'

एक बार फिर डडली ऐसे विचारों से जूझता नज़र आया, जिन्हें व्यक्त करने में उसे मुश्किल आ रही थी। फिर वह बुदबुदाया, 'तुमने मेरी

जान बचाई थी।'

'ऐसा नहीं था,' हैरी ने कहा। 'दमपिशाच तो सिर्फ़ तुम्हारी आत्मा चूसना चाहते थे ...'

उसने अपने कज़िन को जिज्ञासा से देखा। इस साल और पिछले साल की गर्मियों में उसका डडली से ज़्यादा पाला नहीं पड़ा था, क्योंकि हैरी प्रिविट ड्राइव में बहुत कम समय रहा था और वहाँ रहते समय भी उसने ज़्यादातर वक़्त अपने कमरे में ही गुज़ारा था। बहरहाल, अब हैरी को एहसास हुआ कि ठंडी चाय के जिस कप से वह उस सुबह टकराया था, वह शायद डडली ने उसे फँसाने के लिए नहीं रखा था। यह बात उसके दिल को छू गई, लेकिन उसे यह देखकर राहत मिली कि भावनाएँ व्यक्त करने की डडली की क्षमता अब ख़त्म हो चुकी थी। एक-दो बार फिर अपना मुँह खोलने के बाद डडली लाल चेहरे के साथ ख़ामोश हो गया।

पेटूनिया आंटी रोने लगीं। हेस्टिया जोन्स ने उनकी तरफ़ करुणा के भाव से देखा, जो फ़ौरन ग़ुस्से में बदल गया, जब पेटूनिया आंटी ने आगे बढ़कर हैरी के बजाय डडली को गले लगा लिया।

'बहुत बढ़िया, डडली ...' वे उसके विशाल सीने पर सिर रखकर सुबकने लगीं, 'कितना प्यारा बच्चा है – धन्यवाद दे रहा है ...'

'लेकिन उसने धन्यवाद कहाँ दिया है!' हेस्टिया ने ग़ुस्से में कहा। 'उसने तो सिर्फ़ इतना कहा है कि वह हैरी को धरती पर बोझ नहीं मानता है!'

'हाँ, लेकिन डडली के मुँह से यह बात निकलना भी "मैं तुमसे प्यार करता हूँ" जैसी ही है,' हैरी ने कहा। वह इस बात पर चिढ़ भी रहा था और उसे हँसी भी आ रही थी कि पेटूनिया आंटी डडली को इस तरह जकड़े थीं, जैसे वह अभी-अभी हैरी को जलती हुई इमारत से बचाकर लाया हो।

'हम चल रहे हैं या नहीं ?' वरनॉन अंकल गरजते हुए एक बार फिर लिविंग रूम के दरवाज़े पर आ गए। 'मुझे लगा था कि हमारे पास बहुत कम समय है!'

'हाँ – हाँ, सही कहा,' डीडेलस डिगल ने कहा, जो इस बातचीत को स्तब्ध अंदाज़ में देख रहा था और अब ख़ुद को सँभाल रहा था। 'अच्छा हैरी, अब हमें सचमुच चलना चाहिए –'

वह आगे बढ़ा और उसने अपने दोनों हाथों से हैरी से हाथ मिलाया।

'– शुभकामनाएँ। मुझे उम्मीद है कि हम दोबारा मिलेंगे। जादूगरों

की दुनिया की आशाएँ तुम्हारे कंधों पर टिकी हैं।'

'ओह,' हैरी ने कहा, 'ठीक है। धन्यवाद।'

'अलविदा, हैरी,' हेस्टिया ने भी उसका हाथ थामते हुए कहा। 'हमारी दुआएँ तुम्हारे साथ हैं।'

'मुझे उम्मीद है कि सब कुछ **ठीक** हो जाएगा,' हैरी ने पेटूनिया आंटी और डडली पर निगाह डालते हुए कहा।

'ओह, मुझे यक़ीन है कि हम सबसे अच्छे दोस्त बन जाएँगे,' डिगल ने उत्साह से कहा और कमरे से बाहर निकलते समय अपना हैट लहराया। उसके पीछे हेस्टिया निकल गई।

डडली ने ख़ुद को अपनी माँ के चंगुल से धीरे से छुड़ाया और हैरी की तरफ़ बढ़ा। हैरी ने जादू से उसे डराने की अपनी इच्छा पर क़ाबू किया। फिर डडली ने अपना बड़ा, गुलाबी हाथ आगे बढ़ाया।

'ओह, डडली,' हैरी ने पेटूनिया आंटी की दोबारा शुरू हो गई सिसकियों के ऊपर से कहा, 'क्या दमपिशाचों ने तुम्हारे भीतर नई आत्मा डाल दी?'

'क्या पता,' डडली बुदबुदाया। 'मिलते हैं, हैरी।'

'हाँ ...' हैरी ने डडली से हाथ मिलाते हुए कहा। 'मिलते हैं, डडली दादा, अपना ध्यान रखना।'

डडली हल्के से मुस्कराकर कमरे से बाहर निकल गया। हैरी को गिट्टी भरे ड्राइव में उसके भारी क़दमों और फिर कार के दरवाज़े के धड़ाम से बंद होने की आवाज़ आई।

पेटूनिया आंटी, जिनका चेहरा रूमाल में दफ़न था, उस आवाज़ को सुनकर मुड़ीं। शायद उन्हें यह उम्मीद बिलकुल नहीं थी कि वे हैरी के साथ अकेली रह जाएँगी। अपने गीले रूमाल को जल्दी से अपनी जेब में ठूँसती हुई वे बोलीं, 'अच्छा – तो विदा,' और फिर वे उसकी तरफ़ देखे बिना ही दरवाज़े की तरफ़ चल दीं।

'अलविदा,' हैरी ने कहा।

वे रुकीं और उन्होंने पलटकर पीछे देखा। एक पल के लिए तो हैरी को लगा कि वे उससे कुछ कहना चाहती हैं : उन्होंने उसे अजीब अंदाज़ में देखा और कुछ बोलने के लिए मुँह खोला, लेकिन फिर हल्के से सिर झटककर वे तेज़ी से कमरे से बाहर निकल गईं।

# अध्याय चार

# सात पॉटर

हैरी तेज़ी से सीढ़ियाँ चढ़कर अपने बेडरूम में घुसा और खिड़की के पास पहुँच गया। उसने डर्स्ली परिवार की कार को ड्राइव से बाहर निकलकर सड़क पर पहुँचते देखा। पीछे वाली सीट पर पेटूनिया आंटी और डडली के बीच में डीडेलस का हैट दिख रहा था। प्रिविट ड्राइव के छोर पर पहुँचकर कार दाईं तरफ़ मुड़ गई। कार की खिड़कियाँ डूबते सूरज की रोशनी में पल भर के लिए लाल नज़र आईं और फिर कार ओझल हो गई।

हैरी ने हेडविग का पिंजरा, फ़ायरबोल्ट और अपना बैग उठाया। उसने अपने अस्वाभाविक रूप से साफ़ बेडरूम पर आख़िरी नज़र डाली और फिर सीढ़ियाँ उतरकर नीचे हॉल की तरफ़ चल दिया। नीचे पहुँचकर सीढ़ियों के मुहाने के पास उसने पिंजरा, झाड़ू और बैग रख दिए। रोशनी अब तेज़ी से कम हो रही थी। शाम की रोशनी में हॉल छायाओं से भर चुका था। यहाँ ख़ामोशी में खड़े रहना बहुत अजीब लग रहा था, ख़ास तौर पर इस एहसास के बाद कि वह इस घर को हमेशा के लिए छोड़कर जाने वाला है। बहुत साल पहले डर्स्ली परिवार जब भी सैर-सपाटे के लिए बाहर जाता था, तो हैरी को घर पर अकेला छोड़ दिया जाता था। अकेलेपन के वे घंटे बहुत दुर्लभ आनंद के होते थे। वह फ़्रिज में से निकालकर कोई स्वादिष्ट चीज़ खाने लगता था, डडली के कंप्यूटर पर गेम खेलने के लिए भागकर ऊपर की मंज़िल पर पहुँच जाता था या फिर टेलीविज़न चलाकर जी भरकर चैनल बदलता था। उन मौक़ों की याद से उसे एक अजीब सा ख़ालीपन महसूस हुआ। यह किसी छोटे भाई को याद करने जैसा था, जो अब इस दुनिया में नहीं हो।

चिढ़ी हुई हेडविग अपना सिर पंखों के नीचे छिपाए थी। हैरी ने

उससे कहा, 'क्या तुम इस जगह को आख़िरी बार नहीं देखना चाहतीं? अब हम यहाँ फिर कभी नहीं आएँगे। क्या तुम इतने सारे अच्छे लम्हों को याद नहीं करना चाहतीं? मेरा मतलब है, इस डोरमैट को देखो। इसके साथ कितनी सुखद यादें जुड़ी हैं ... जब मैंने डडली को दमपिशाचों से बचाया था, तो उसने इसी पर उल्टी की थी ... मुझे अभी-अभी पता चला कि डडली मेरा एहसानमंद है। क्या तुम्हें इस पर यक़ीन होता है? ... और पिछली गर्मियों में डम्बलडोर उस सामने वाले दरवाज़े से आए थे ...'

पल भर के लिए हैरी के दिमाग़ से विचारों का सूत्र खो गया और हेडविग ने उसे याद दिलाने की कोई कोशिश नहीं की, बल्कि पंखों के नीचे सिर छिपाए बैठी रही। हैरी ने सामने वाले दरवाज़े की तरफ़ अपनी पीठ कर ली।

'और हेडविग, यहाँ -' हैरी ने सीढ़ियों के नीचे एक दरवाज़ा खोला '- यहाँ मैं कभी सोता था! तब मैं तुमसे नहीं मिला था - ओह, यह जगह तो बहुत ही छोटी है, मैं तो भूल ही गया था ...'

हैरी ने एक के ऊपर एक रखे जूतों और छातों को देखा तथा याद किया कि किस तरह हर सुबह जागने पर वह सीढ़ियों के निचले हिस्से को ताकता रहता था, जिस पर अक्सर एक-दो मकड़ियाँ घूमती रहती थीं। यह उन दिनों की बात है, जब उसे अपनी असलियत का पता नहीं चला था; जब उसे यह पता नहीं चला था कि उसके मम्मी-डैडी की मौत कैसे हुई थी या उसके आस-पास इतनी अजीब घटनाएँ क्यों होती थीं। लेकिन हैरी अब भी हरी रोशनी की चमक वाले उन दुविधापूर्ण सपनों को याद कर सकता था, जो उसे उन दिनों सताते थे। जब हैरी ने एक बार अपने एक ऐसे ही सपने का ज़िक्र किया था, जिसमें उसे उड़ती हुई मोटरसाइकल दिखी थी, तो वरनॉन अंकल की कार सामने वाली कार से टकराते-टकराते बची थी ...

अचानक पास में कहीं पर कानफोड़ू शोर हुआ। हैरी झटके से खड़ा हो गया, जिससे उसके सिर का ऊपरी हिस्सा दरवाज़े के फ्रेम से धम्म से टकरा गया। कुछ पल तक वरनॉन अंकल से सीखी चुनिंदा गालियाँ देने के बाद वह अपना सिर पकड़कर लड़खड़ाता हुआ किचन में गया और खिड़की से पीछे के बगीचे में देखने लगा।

उसे अँधेरा हिलता हुआ लग रहा था। हवा भी जैसे काँप रही थी। फिर एक-एक करके आकृतियाँ नज़र आने लगीं, जब उनके विभ्रम

सम्मोहन उठने लगे। सबसे बड़ी आकृति हैग्रिड की थी, जो हेलमेट और चश्मा पहने हुए एक विशाल मोटरसाइकल पर बैठा था, जिसमें एक काली साइडकार लगी थी। उसके चारों तरफ़ कई लोग झाड़ुओं से उतर रहे थे और दो लोग तो कंकाल जैसे काले पंखदार घोड़ों से उतर रहे थे।

पीछे वाले दरवाज़े को झटके से खोलकर हैरी तेज़ी से उनके पास पहुँच गया। अभिवादन की आवाज़ें आईं, जब हर्माइनी ने उसके गले में अपनी बाँहें डालीं, रॉन ने उसकी पीठ ठोंकी और हैग्रिड ने कहा, 'सब ठीक है, हैरी? चलने को तैयार हो?'

'बेशक,' हैरी ने उन सभी की ओर मुस्कराकर देखते हुए कहा। 'लेकिन मुझे इतने सारे लोगों के आने की उम्मीद नहीं थी!'

'योजना बदल गई है,' बावरे-नैन गुर्राए, जिनके पास दो बड़े-बड़े, पूरी तरह भरे हुए झोले थे। उनकी जादुई आँख स्याह आसमान से मकान और बगीचे के बीच तूफ़ानी रफ़्तार से घूम रही थी। 'गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए अंदर चलकर बात करते हैं।'

हैरी उन सभी को किचन में ले गया, जहाँ हँसते और बतियाते हुए वे कुर्सियों पर बैठ गए। कुछ पेटूनिया आंटी के किचन के चमकते हुए पत्थर के स्टैंड पर बैठ गए या उनकी बेदाग़ मशीनों से टिक गए। रॉन पहले जितना ही लंबा और दुबला था। हर्माइनी के झबरीले बाल एक लंबी चोटी में पीछे बँधे थे। फ्रेड और जॉर्ज एक जैसे अंदाज़ में मुस्करा रहे थे। बिल के चेहरे पर घाव के निशान साफ़ दिख रहे थे और उसके बाल अब भी लंबे थे। दयालु चेहरे वाले मिस्टर वीज़्ली गंजे हो रहे थे और उनका चश्मा थोड़ा तिरछा था। युद्ध में घायल, एक पैर वाले बावरे-नैन की चमकती नीली जादुई आँख अपने कोटर में घूमे जा रही थी। टौंक्स के छोटे बाल चमकीले गुलाबी रंग के थे, जो उसका प्रिय रंग था। ल्यूपिन के बाल अब ज़्यादा सफ़ेद दिख रहे थे और उनके चेहरे पर ज़्यादा झुर्रियाँ नज़र आ रही थीं। दुबली और सुंदर फ़्लर के लंबे बाल चाँदी जैसे रंग के थे। गंजे और साँवले किंग्सले के चौड़े कंधे साफ़ नज़र आ रहे थे। खिचड़ी बालों और दाढ़ी वाला हैग्रिड सिर झुकाकर खड़ा था, ताकि उसका सिर छत से न टकरा जाए। और नाटा मंडंगस फ़्लेचर अपनी झुकी हुई आँखों तथा रूखे बालों में गंदा दिख रहा था। उन सभी को देखकर हैरी का दिल ख़ुशी से फूल गया और चेहरे पर चमक आ गई। उसके मन में उन सभी के लिए प्रेम उमड़ने लगा, मंडंगस के लिए भी, जिससे हुई आख़िरी मुलाक़ात में हैरी ने उसका गला घोंटने की कोशिश की थी।

'किंग्सले, मुझे तो लग रहा था कि आप मगलू प्रधानमंत्री की रखवाली कर रहे होंगे?' हैरी ने पूछा।

'एक रात को मेरे बिना उनका काम चल सकता है,' किंग्सले ने कहा। 'तुम ज़्यादा महत्वपूर्ण हो।'

'हैरी, देखो!' वॉशिंग मशीन से टिकी टौंक्स ने कहा और उसकी तरफ़ अपना बायाँ हाथ हिलाया, जिसमें एक अँगूठी चमक रही थी।

'तुम्हारी शादी हो गई?' हैरी कभी उसे, तो कभी ल्यूपिन को देखते हुए चिल्लाया।

'मुझे अफ़सोस है कि हम तुम्हें नहीं बुला पाए, हैरी। यह बहुत सादगी से हुई थी।'

'यह बहुत अच्छा रहा, बधाइयाँ –'

'ठीक है, ठीक है, बधाइयाँ देने के लिए बाद में बहुत वक़्त पड़ा है!' मूडी गरजे और किचन में ख़ामोशी छा गई। अपने झोले अपने पैर के पास रखकर मूडी हैरी की ओर मुड़े। 'जैसा डीडेलस ने शायद तुम्हें बता दिया होगा, हमें अपनी पहली योजना बदलनी पड़ी। पायस थिकनेस दुश्मनों से मिल गया है, जिससे हमारे सामने एक बड़ी समस्या आ गई है। उसने इस घर को छू नेटवर्क से जोड़ने, यहाँ आवागमन कुंजी का इस्तेमाल करने या अंतर्ध्यान होने या प्रकट होने को क़ानूनन अपराध घोषित कर दिया है। यह सारा काम तुम्हारी सुरक्षा के नाम पर किया गया है, ताकि तुम-जानते-हो-कौन तुम तक नहीं पहुँच पाए। बिलकुल ही ग़ैर-ज़रूरी है, क्योंकि तुम्हारी माँ का सम्मोहन पहले से ही यह काम कर रहा है। दरअसल उसने यह इसलिए किया है, ताकि तुम यहाँ से सुरक्षित तरीक़े से बाहर न निकल पाओ।

'दूसरी समस्या : तुम नाबालिग़ हो, जिसका मतलब है कि तुम पर अब भी स्थितिसूचक सम्मोहन है।'

'मैं समझा नहीं –'

'स्थितिसूचक सम्मोहन, स्थितिसूचक सम्मोहन!' बावरे-नैन अधीरता से बोले। 'यह एक सम्मोहन होता है, जो सत्रह साल से कम बच्चों के आस-पास जादुई गतिविधि का पता लगाता है। इसी तरह से मंत्रालय नाबालिग़ जादूगरी का पता लगाता है! अगर तुम या तुम्हारे आस-पास का कोई भी व्यक्ति तुम्हें यहाँ से बाहर निकालने के लिए जादू करता है, तो थिकनेस को इसके बारे में पता चल जाएगा ... और प्राणभक्षियों को भी।

'हम स्थितिसूचक सम्मोहन के ख़त्म होने का इंतज़ार नहीं कर सकते, क्योंकि जिस पल तुम सत्रह साल के हो जाओगे, उसी पल तुम्हारी माँ की दी सारी सुरक्षा ख़त्म हो जाएगी। संक्षेप में, पायस थिकनेस सोचता है कि उसने तुम्हें बहुत अच्छी तरह से फँसा दिया है।'

हैरी अजनबी थिकनेस से सहमत होने के अलावा कुछ नहीं कर सकता था।

'तो हम क्या करने वाले हैं ?'

'हम यातायात के उन साधनों का इस्तेमाल करने वाले हैं, जिनका पता स्थितिसूचक सम्मोहन नहीं लगा सकता, क्योंकि उनका प्रयोग करने के लिए हमें मंत्र पढ़ने की ज़रूरत नहीं है : झाड़ू, थेस्ट्रॉल और हैग्रिड की मोटर साइकल।'

हैरी को इस योजना में कई ख़ामियाँ दिख रही थीं। बहरहाल, उसने अपनी ज़बान पर लगाम कसी, ताकि बावरे-नैन को आगे बोलने का मौक़ा मिल सके।

'देखो, तुम्हारी माँ का सम्मोहन सिर्फ़ दो ही स्थितियों में टूटेगा : जब तुम सत्रह साल के हो जाओगे, या -' मूडी ने किचन में चारों तरफ़ देखा '- जब तुम इस जगह को अपना घर नहीं कह सकोगे। तुम और तुम्हारे अंकल-आंटी आज रात को अलग-अलग रास्ते पर जा रहे हो, और तुम सभी यह बात अच्छी तरह जानते हो कि अब तुम लोग कभी एक साथ नहीं रहोगे, ठीक है ?'

हैरी ने सिर हिलाया।

'तो इस बार तुम्हारे यहाँ से जाने के बाद वापस लौटने का कोई सवाल नहीं होगा, इसलिए तुम्हारी माँ का सम्मोहन उसी पल टूट जाएगा, जिस पल तुम इस घर के दायरे से बाहर निकलोगे। हमने इसे जल्दी तोड़ने का विकल्प चुना है, क्योंकि अगर हम ऐसा नहीं करते हैं, तो तुम्हारे सत्रह साल के होते ही तुम-जानते-हो-कौन यहाँ आकर तुम्हें दबोच लेगा।

'हमारे पक्ष में एक अच्छी बात यह है कि तुम-जानते-हो-कौन को पता नहीं है कि हम तुम्हें आज रात को यहाँ से ले जा रहे हैं। हमने मंत्रालय में एक झूठी ख़बर उड़ा दी है। वे सोचते हैं कि तुम तीस तारीख़ से पहले यहाँ से नहीं जाओगे। बहरहाल, हमारा सामना तुम-जानते-हो-कौन से है, इसलिए हम सिर्फ़ ग़लत तारीख़ के भरोसे ही नहीं बैठ सकते। उसने यक़ीनन इस इलाक़े के आसमान में कुछ प्राणभक्षियों को निगरानी पर

तैनात किया होगा। इसलिए हमने एक दर्जन अलग-अलग मकानों को चुनकर उन्हें हरसंभव सुरक्षा प्रदान की है। वे सभी मकान ऐसे लगते हैं, जैसे हम तुम्हें वहीं छिपाने जा रहे हैं। उन सभी का मायापंछी के समूह से कोई न कोई संबंध है : मेरा मकान, किंग्सले का मकान, मॉली की मुरियल आंटी का मकान - तुम समझ गए ना ?'

'हाँ,' हैरी ने कहा, जो पूरी तरह सच नहीं था, क्योंकि उसे अब भी योजना में एक बड़ी ख़ामी दिख रही थी।

'तुम टौंक्स के माता-पिता के यहाँ जा रहे हो। हमने उनके मकान पर सुरक्षात्मक सम्मोहन कर रखे हैं। हमारे सम्मोहन के दायरे के भीतर पहुँचने के बाद तुम रॉन के घर जाने के लिए आवागमन कुंजी का इस्तेमाल कर सकते हो। कोई सवाल ?'

'अर - हाँ,' हैरी ने कहा। 'शायद यहाँ से चलते समय उन्हें यह पता न चले कि मैं बारह सुरक्षित मकानों में से किसकी तरफ़ जा रहा हूँ, लेकिन क्या यह स्पष्ट नहीं हो जाएगा, जब -' उसने तत्काल लोगों की संख्या गिनी '- हम चौदह लोग टौंक्स के माता-पिता के घर की तरफ़ उड़कर जाने लगेंगे ?'

'ओह,' मूडी ने कहा, 'मैं ख़ास बात बताना तो भूल ही गया। टौंक्स के माता-पिता के यहाँ हम चौदह लोग नहीं जाएँगे। आज रात को आसमान में सात हैरी पॉटर जाएँगे और उनमें से हर एक के साथ एक पहरेदार होगा। हर हैरी और उसका पहरेदार अलग-अलग सुरक्षित मकान की तरफ़ जाएँगे।'

अब मूडी ने चोगे के नीचे से एक फ़्लास्क निकाला, जिसमें कीचड़ जैसा पदार्थ भरा था। उन्हें कुछ कहने की ज़रूरत नहीं थी। हैरी बाक़ी की योजना तत्काल समझ गया।

'नहीं!' उसने ज़ोर से कहा और उसकी आवाज़ किचन में गूँज गई। 'किसी सूरत में नहीं!'

'मैंने सबसे कह दिया था कि तुम ऐसी ही प्रतिक्रिया करोगे,' हर्माइनी थोड़े घमंड से बोली।

'अगर आप सोचते हैं कि मैं छह लोगों को अपनी जान जोखिम में डालने दूँगा -!'

'- क्योंकि हम सभी ऐसा पहली बार कर रहे हैं,' रॉन बोला।

'यह अलग बात है, मेरा भेस बनाकर –'

'देखो, हममें से कोई भी दरअसल यह काम नहीं करना चाहता है, हैरी,' फ्रेड ने गंभीरता से कहा। 'ज़रा सोचो, अगर कोई चीज़ गड़बड़ हो गई और हम हमेशा के लिए चश्मे वाले, दुबले-पतले मूर्ख के भेस में रह गए, तो क्या होगा?'

यह सुनकर भी हैरी नहीं मुस्कराया।

'अगर मैं सहयोग न करूँ, तो आप ऐसा नहीं कर सकते। इसके लिए आपको मेरे कुछ बालों की ज़रूरत होगी।'

'लो, हमारी योजना तो यहीं चौपट हो गई,' जॉर्ज बोला। 'ज़ाहिर है, जब तक तुम सहयोग नहीं करोगे, तब तक हम सब मिलकर तुम्हारे बाल कैसे ले पाएँगे?'

फ्रेड ने कहा, 'हाँ, हम तेरह लोग उस अकेले व्यक्ति के ख़िलाफ़ कुछ नहीं कर सकते हैं, जिसे जादू करने की इजाज़त नहीं है। हमारे पास ज़रा भी मौक़ा नहीं है।'

'मज़ेदार है,' हैरी ने कहा। 'सचमुच मज़ेदार।'

'अगर ज़बर्दस्ती करनी पड़ी, तो हम वह भी करेंगे,' मूडी गुर्राए। उनकी जादुई आँख कोटर में हल्के से हिली, जब उन्होंने हैरी को ग़ुस्से से घूरा। 'पॉटर, यहाँ सभी लोग बालिग़ हैं और सभी यह जोखिम लेने के लिए तैयार हैं।'

मंडंगस ने अपने कंधे उचकाए और मुँह बनाया। मूडी की जादुई आँख उनके सिर के एक तरफ़ पहुँचकर उसे ग़ुस्से से घूरने लगी।

'अब बहस छोड़ो। समय निकलता जा रहा है। लड़के, मुझे तुम्हारे कुछ बाल चाहिए, अभी।'

'लेकिन यह पागलपन है, इसकी कोई ज़रूरत नहीं –'

'कोई ज़रूरत नहीं!' मूडी गुर्राए। 'तुम-जानते-हो-कौन आज़ाद है और आधा मंत्रालय उसके साथ है! पॉटर, अगर क़िस्मत अच्छी रही, तो उसने हमारी उड़ाई ग़लत ख़बर पर यक़ीन कर लिया होगा और वह तुम पर तीस तारीख़ को घात लगाने की योजना बना रहा होगा। लेकिन अगर उसने निगरानी के लिए एक-दो प्राणभक्षियों को यहाँ नहीं छोड़ा होगा, तो वह पागल है। मैं होता तो यही करता! हो सकता है, तुम्हारी माँ के सम्मोहन के कारण वे तुम तक या इस घर तक न पहुँच सकें, लेकिन सभी

जानते हैं कि सम्मोहन अब टूटने वाला है और यह घर किस इलाक़े में है। हमारे बचाव की इकलौती संभावना बहुरूपियों का इस्तेमाल करना है। यहाँ तक कि तुम-जानते-हो-कौन भी अपने सात टुकड़े नहीं कर सकता।'

हैरी की नज़रें हर्माइनी से मिलीं, लेकिन वह तत्काल दूसरी तरफ़ देखने लगा।

'तो पॉटर - अपने कुछ बाल दो।'

हैरी ने रॉन को देखा, जिसने उसकी तरफ़ मुस्कराकर इसे-कर-दो वाले अंदाज़ में देखा।

'तुरंत!' मूडी गरजे।

सभी लोगों की निगाहें उस पर टिकी थीं। हैरी ने अपने सिर की तरफ़ हाथ बढ़ाया और बालों के गुच्छे को पकड़कर खींच लिया।

'बहुत बढ़िया,' मूडी ने कहा और लँगड़ाते हुए आगे आकर काढ़े के फ़्लास्क का ढक्कन खोल दिया। 'इसमें डाल दो।'

हैरी ने अपने बाल कीचड़ जैसे द्रव में डाल दिए। जिस पल बाल काढ़े की सतह से टकराए, काढ़ा खदकने और धुआँ उड़ाने लगा, फिर यह तत्काल चमकते सोने जैसे रंग का हो गया।

'ऊऊह, तुम तो क्रैब और गॉइल से ज़्यादा स्वादिष्ट लगते हो, हैरी,' हर्माइनी ने कहा, तभी रॉन की चढ़ी हुई भौंह देखकर वह थोड़ा शरमाकर बोली, 'ओह, मेरा मतलब है - गॉइल का काढ़ा तो लेंडी जैसा था।'

'तो फिर ठीक है, नक़ली पॉटर लाइन बनाकर यहाँ खड़े हो जाएँ,' मूडी ने कहा।

रॉन, हर्माइनी, फ़्रेड, जॉर्ज और फ़्लर पेटूनिया आंटी के चमचमाते सिंक के सामने लाइन में खड़े हो गए।

'एक कम है,' ल्यूपिन ने कहा।

'यह लो,' हैग्रिड ने रूखे स्वर में कहा और उसने मंडंगस का कॉलर पकड़कर उसे उठाया तथा फ़्लर के पास पटक दिया। फ़्लर ने अपनी नाक सिकोड़ी और वहाँ से हटकर फ़्रेड तथा जॉर्ज के बीच खड़ी हो गई।

'मैं अब भी कहता हूँ, मैं पहरेदार बनना ज़्यादा पसंद करूँगा,' मंडंगस बोला।

'चुप रहो,' मूडी गुर्राए। 'कायर कीड़े, जैसा मैं तुम्हें पहले ही बता चुका हूँ, हमारा सामना जिस भी प्राणभक्षी से होगा, वह पॉटर को मारने की

नहीं, पकड़ने की कोशिश करेगा। डम्बलडोर हमेशा कहते थे कि तुम-जानते-हो-कौन पॉटर को ख़ुद मारना चाहता है। पहरेदारों को ज़्यादा ख़तरा है, क्योंकि प्राणभक्षी उनकी जान लेना चाहेंगे।'

यह सुनकर मंडंगस को कोई ख़ास तसल्ली नहीं हुई, लेकिन तब तक मूडी अपने चोगे के भीतर से आधा दर्जन अंडाकार गिलास निकाल रहे थे। सबको एक-एक गिलास थमाकर उन्होंने सबमें थोड़ा-थोड़ा भेसबदल काढ़ा डाल दिया।

'चलो, एक साथ ...'

रॉन, हर्माइनी, फ्रेड, जॉर्ज, फ़्लर और मंडंगस ने काढ़ा पी लिया। जब काढ़ा उनके गले से टकराया, तो सभी ने ऊह-आह की और मुँह बनाया : तत्काल उनके पूरे शरीर में बुलबुले उठने लगे और मांस गर्म मोम की तरह पिघलकर आकार बदलने लगा। हर्माइनी और मंडंगस लंबे हो रहे थे। रॉन, फ्रेड और जॉर्ज छोटे हो रहे थे। उनके बाल काले हो रहे थे। हर्माइनी और फ़्लर के बाल उनकी खोपड़ियों के भीतर जा रहे थे।

मूडी इस तरफ़ ध्यान दिए बिना झुककर अपने बड़े झोलों की रस्सियाँ खोल रहे थे। जब वे दोबारा सीधे खड़े हुए, तो उनके सामने छह हैरी पॉटर हाँफते हुए खड़े थे।

फ्रेड और जॉर्ज ने एक-दूसरे की ओर मुड़कर एक साथ कहा। 'वाह – हम तो एक जैसे हैं!'

'क्या पता, वैसे मुझे लगता है कि मैं अब भी तुमसे ज़्यादा अच्छा दिखता हूँ,' फ्रेड ने केतली में अपना प्रतिबिंब देखते हुए कहा।

'ओह,' फ़्लर माइक्रोवेव ओवन में अपनी शक्ल देखते हुए बोली, 'बिल, मेरी तरफ़ मत देखना – मैं बहुत बुरी दिख रही हूँ।'

'जिनके कपड़े थोड़े ढीले हो गए हों, उनके लिए मेरे पास छोटे कपड़े हैं,' मूडी ने पहले झोले की तरफ़ इशारा किया, 'और जिनके कपड़े तंग हो गए हों, उनके लिए ढीले कपड़े भी हैं। चश्मे मत भूलना। साइड पॉकेट में छह चश्मे हैं। और जब तुम लोग कपड़े बदल लो, तो दूसरे बोरे में रखा सामान उठा लेना।'

असली हैरी ने सोचा कि यह शायद उसके द्वारा देखी गई सबसे विचित्र चीज़ थी, हालाँकिं उसने बहुत अजीब चीज़ें देखी थीं। उसने अपने छह हमशक्लों को झोलों में से कपड़े बाहर निकालते, चश्मे लगाते और अपने असली कपड़ों को झोले में ठूँसते देखा। उसका यह कहने का मन हो

रहा था कि वे बेशर्मी से कपड़े न बदलें, बल्कि उसके शरीर के प्रति थोड़ा सम्मान दिखाएँ। यह स्पष्ट था कि अपना शरीर दिखाने में उन्हें शर्म आती, लेकिन हैरी का शरीर दिखाने में उन्हें ज़रा भी संकोच नहीं हो रहा था।

'मैं जानता था कि जिनी ने उस टैटू के बारे में झूठ बोला था,' रॉन ने अपने नंगे सीने की तरफ़ देखते हुए कहा।

'हैरी, तुम्हारी आँखें तो बहुत ही कमज़ोर हैं,' हर्माइनी चश्मा लगाते हुए बोली।

कपड़े बदलने के बाद नक़ली हैरियों ने दूसरे बोरे में से बैग और उल्लू के पिंजरे निकाले, जिनमें से हर एक में रुई से बना सफ़ेद उल्लू था।

'अच्छी बात है,' मूडी ने कहा, जब आख़िरकार सातों हैरी कपड़े पहनकर, चश्मा लगाकर और सामान उठाकर उनके सामने तैयार दिखने लगे। 'जोड़ियाँ इस तरह हैं : मंडंगस मेरे साथ जाएगा, झाड़ू पर –'

'मैं आपके साथ क्यों जाऊँगा ?' पिछले दरवाज़े के सबसे क़रीब खड़े हैरी ने पूछा।

'क्योंकि तुम पर निगरानी की सबसे ज़्यादा ज़रूरत है,' मूडी गुर्राकर बोले और निश्चित रूप से उनकी जादुई आँख मंडंगस पर ही टिकी रही, जब उन्होंने आगे कहा, 'आर्थर और फ्रेड –'

'मैं जॉर्ज हूँ,' उस जुड़वाँ भाई ने कहा, जिसकी तरफ़ मूडी इशारा कर रहे थे। 'हैरी बनने के बाद भी क्या आप हमें नहीं पहचान सकते हैं ?'

'माफ़ करना, जॉर्ज –'

'मैं तो मज़ाक़ कर रहा था, मैं दरअसल फ्रेड ही हूँ –'

'मज़ाक़ छोड़ो!' मूडी गुर्राए। 'दूसरे जुड़वाँ भाई, तुम जॉर्ज या फ्रेड या जो भी हो – तुम रीमस के साथ रहोगे। मिस डेलाकोर –'

'मैं फ़्लर को थेस्ट्रॉल पर लेकर जा रहा हूँ,' बिल ने कहा। 'उसे झाड़ू की सवारी पसंद नहीं है।'

फ़्लर ने बिल के पास वाले स्टैंड तक जाकर उसे याचना और दासता भरे भाव से देखा। हैरी ने पूरे दिल से उम्मीद की कि यह भाव उसके चेहरे पर दोबारा कभी नज़र न आए।

'मिस ग्रेंजर किंग्सले के साथ, थेस्ट्रॉल पर ही –'

हर्माइनी ने आश्वस्त होकर किंग्सले की तरफ़ देखा और मुस्करा दी। हैरी जानता था कि हर्माइनी को भी झाड़ू की सवारी करने में ज़्यादा

आत्मविश्वास नहीं था।

'तो अब तुम और मैं बचते हैं, रॉन!' टौंक्स ने उत्साह से कहा और रॉन की तरफ़ हाथ हिलाते समय एक मग-ट्री गिरा दिया।

रॉन हर्माइनी जितना ख़ुश नहीं दिख रहा था।

'और तुम हमारे साथ रहोगे, हैरी। ठीक है?' हैग्रिड ने थोड़े तनाव में दिखते हुए कहा। 'हम लोग बाइक पर चलेंगे। देखो, झाड़ू और थेस्ट्रॉल हमारा वज़न नहीं सँभाल सकते। सीट पर हमारे बैठने के बाद तुम्हारे लिए ज़्यादा जगह नहीं बचेगी, इसलिए तुम साइडकार में बैठोगे।'

'यह बहुत बढ़िया है,' हैरी ने कहा, हालाँकि यह पूरी तरह सच नहीं था।

'हमें लगता है कि प्राणभक्षियों को तुम्हारे झाड़ू पर रहने की उम्मीद होगी,' मूडी ने कहा, जिन्हें अंदाज़ा हो गया था कि हैरी कैसा महसूस कर रहा था। 'स्नेप ने अब तक उन्हें तुम्हारे बारे में वह हर बात बता दी होगी, जो पहले नहीं बता पाया होगा। इसलिए मैं शर्त लगाता हूँ कि अगर हम प्राणभक्षियों से टकराते हैं, तो वे उस पॉटर को चुनेंगे, जो झाड़ू पर उड़ने में माहिर दिख रहा होगा। तो फिर ठीक है,' उन्होंने नक़ली पॉटर के कपड़ों वाले बोरे को बाँधते हुए कहा और दरवाज़े तक सबसे आगे गए, 'मैं तीन मिनट का समय देता हूँ। उसके बाद हम यहाँ से चलेंगे। पीछे वाले दरवाज़े पर ताला लगाने से कोई फ़ायदा नहीं है। अगर प्राणभक्षी तलाश करते हुए यहाँ आए, तो ताला उन्हें रोक नहीं पाएगा ... चलो ...'

हैरी अपना बैग, फ़ायरबोल्ट और हेडविग का पिंजरा उठाने के लिए जल्दी से हॉल में गया, ताकि दूसरों के साथ पीछे वाले बगीचे में पहुँच सके। हर तरफ़ झाड़ुएँ निकल रही थीं। हर्माइनी किंग्सले की मदद से एक बड़े, काले थेस्ट्रॉल पर बैठ चुकी थी। दूसरे थेस्ट्रॉल पर फ़्लर बिल के साथ बैठी थी। हैग्रिड चश्मा लगाकर मोटरसाइकल के पास तैयार खड़ा था।

'क्या यही है? क्या यही सिरियस की बाइक है?'

'हाँ,' हैग्रिड ने हैरी से मुस्कराते हुए कहा। 'और आख़िरी बार जब तुम इस पर सवार हुए थे, तब हम तुम्हें अपने एक हाथ की मुट्ठी में बंद कर सकते थे!'

साइडकार में बैठते समय हैरी को थोड़े अपमान का एहसास हुआ। वह बाक़ी सबसे कई फ़ुट नीचे था। रॉन उसे साइडकार में बच्चे की तरह बैठा देखकर हँसा। बैग और झाड़ू को अपने पैरों के पास नीचे रखने के बाद